RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty, well Equipped Labs, CCTV Controlled Environment, Activity Based Learning, Well Equipped Library, GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 चुंबकीय व्यक्तित्व से दिलों...

वर्ष : 26 | अंक : 194 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# हाथरस कांड : भगदड़ में राजनीतिक साजिश के संकेत!

## मुख्यमंत्री को सौंपी 15 पेज की शुरूआती जांच रिपोर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में 123 लोगों की मौत के जिम्मेदार लोग दो दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाए हैं। सत्संग आयोजन समिति के अध्यक्ष मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर और नारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा का भी अभी तक कुछ सुराग नहीं लगा है। वहीं इस मामले की शुरूआती जांच रिपोर्ट एडीजी आगरा और अलीगढ़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक राजनीतिक साजिश का इशारा किया गया है।



हाथरस कांड में शुरूआती रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी गयी है। इस रिपोर्ट में हाथरस के डीएम और एसपी के अलावा 100 लोगों के बयान दर्ज हैं। 15 पेज की रिपोर्ट में राजनीतिक साजिश का इशारा किया गया है।

उधर हाथरस भगदड़ के मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर पर 1 लाख रुपये के इनाम को लेकर उनके अधिवक्ता डॉ ए.पी. सिंह का कहना है कि मुझे एफआईआर की कॉपी मिल गई है और मुझे जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है। देव प्रकाश मधुकर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पीड़ितों से मिले राहुल गांधी

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को हाथरस की भगदड़ में जान गंवाने वाले पीड़ितों के घर पहुंचे। यहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा राहुल गांधी सुबह-सुबह अलीगढ़ के पिलखना पहुंचे। यहां वह हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मिले। इसके बाद वह हाथरस में नवीपुर खुर्द, विभव नगर स्थित ग्रीन पार्क पहुंचेंगे, जहां वह आशा देवी, मुन्नी देवी (शेष पृष्ठ-3 पर)



## डॉ. महेश शर्मा को मिली लोकसभा हाउसिंग कमेटी के चेयरपर्सन की जिम्मेदारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** तीसरी बार रिकॉर्ड मतों से जीत का परचम लहराने वाले गौतमबुद्धनगर के सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा को लोकसभा की हाउसिंग कमेटी के चेयरपर्सन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कमेटी का गठन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने किया है।

इस समिति में डा. महेश शर्मा के अलावा 11 अन्य सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें से सभी लोकसभा के वर्तमान सांसद हैं। यह समिति लोकसभा सदस्यों के लिए आवासीय सुविधाओं और उनसे संबंधित मुद्दों पर काम करती है। इसका मुख्य उद्देश्य सांसदों को उचित और सुविधाजनक आवास प्रदान करना है, ताकि वे अपने संसदीय कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर सकें।

इस कमेटी में 11 सांसद को सदस्य नियुक्त किया गया है। जिसमें कल्याण बनर्जी, सुधीर गुप्ता, कृपानंद मल्लाह, श्रीमती दग्गुबती पुर्णदेश्वरी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, मगुन्ता श्री निवासुलु



रेडडी, श्रीमती अपराजिता सारंगी, कोडी कुन्निल सुरेश, डा. टी. समुथी, अक्षय यादव, दिनेश चन्द्र यादव के नाम शामिल हैं। यह जानकारी लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने दी है।

डॉ.महेश शर्मा की जीत केवल गौतमबुद्धनगर नहीं बल्कि पूरे यूपी में सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने 5,59,472 मतों के अंतर से जीत हासिल की है। डॉ.महेश शर्मा लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए। वह पहली बार वर्ष 2014 और फिर वर्ष 2019 में सांसद बने थे। इस बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में हर्ष की लहर व्याप्त है।

## प्रताड़ना से त्रस्त विवाहिता ने लगाया फांसी का फंदा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र में एक विवाहिता ने ससुराल वालों की प्रताड़ना से त्रस्त होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।



गाजियाबाद के रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी कामिनी (काल्पनिक नाम) की शादी 5 जून 2014 को ग्राम पिंडसरा थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद निवासी विपिन यादव के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद ही उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। वर्तमान में उनकी बेटी व ससुराल वाले सांई उपवन सोसायटी में रह रहे थे। 2 जुलाई को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। रमेश के मुताबिक उनकी बेटी को उसका (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लॉजिक्स शॉपिंग मॉल में लगी आग




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-32ए स्थित लॉजिक्स शॉपिंग मॉल के अंदर स्थित दुकान में आग लग गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस के साथ ही दमकल की टीमें भी पहुंची। फिलहाल आग बुझाने का काम जारी है। लॉजिक्स मॉल खाली कराया गया है। कपड़े के शोरुम आग लगी है। बड़े स्तर पर आग पर काबू पाने का काम जारी है। जानकारी के मुताबिक भूतल पर स्थित एक गारमेंट शोरूम में लगी ऐसी में शॉर्ट सर्किट के कारण यह आग लगी है। फिलहाल दमकल की ओर से आग पर काबू पा लिया गया है। सुरक्षा की दृष्टिगत पूरे मॉल को खाली कराया गया है।

मॉल में किसी के फंसे होने की जानकारी नहीं है। आग के कारण लॉजिक्स मॉल में काफी धुआं भर गया। जिस कारण लॉजिक्स मॉल के सामने के शीशे दमकल कर्मियों को तोड़ने पड़े। आग लगने के कारण लॉजिक्स मॉल तथा उसके आसपास अफरा-तफरी का माहौल रहा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## युवक ने की आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के डेरिन गांव में एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली की डेरिन गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली है। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर कमरे के भीतर पहुंची तो युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। पुलिसकर्मियों ने उसे फंदे से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक का नाम मोनू है और वह अलीगढ़ का रहने वाला है। मोनू पिछले कुछ समय से डेरिन गांव में किराए पर रह रहा था और प्राइवेट कंपनी में काम करता था। थाना प्रभारी के मुताबिक मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिस कारण आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## एमबीए की छात्रा को कर रहा है ब्लैकमेल सोशल मीडिया पर डाली प्राइवेट फोटो

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में एक एमबीए की छात्रा को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। ब्लैकमेलर ने एमबीए छात्रा की प्राइवेट फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दी और उसे लगातार धमकी दे रहा है। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर छात्रा ने थाना सेक्टर-20 में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-19 में रहने वाली पूनम (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि प्रदीप कुमार नामक युवक उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को टैंपो ने रौंदा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में सड़क किनारे कार के पास खड़े एक व्यक्ति को टेंपो चालक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं थाना दादरी क्षेत्र के पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर स्विफ्ट डिजायर कार के चालक ने दूसरी कार में टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में बैठे बच्चे व अन्य सवारियां घायल हो गई।

### दो कार भिड़ी, बच्चे घायल




सेक्टर-34 नीलगिरी अपार्टमेंट में रहने वाले संजय पांडे ने थाना सेक्टर-24 में टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। संजय पांडे के मुताबिक 1 जुलाई को वह अपने ससुर पूरण चंद जोशी के साथ कार से जा रहे थे। प्रकाश अस्पताल के सामने अंडरपास पर उनकी कार का पेट्रोल खत्म हो गया। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे लगा दी और पेट्रोल लेने चले गए। उनके ससुर पूरण चंद जोशी कार के पास खड़े हो गए। इस दौरान पीछे से तेज गति में आ रहे टेंपो चालक ने पूरण चंद जोशी को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया (शेष पृष्ठ-3 पर)

## स्कूल गई छात्रा हुई लापता

### सिम व मैमोरी कार्ड घर पर छोड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा से अलग-अलग स्थानों से दो किशोरिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मनोज गौशाला राधा कृष्ण मंदिर आश्रम के पास रहने वाली पूजा (काल्पनिक नाम) ने थाना सेक्टर-63 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी (16 वर्षीय) बेटी 2 जुलाई को घर से बिना बताए चली गई। उन्होंने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-93 में रहने वाली रेखा (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी (16 वर्षीय) बेटी नौवीं कक्षा की छात्रा है। बीते दिनों वह घर से स्कूल के लिए गई थी, इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। देर शाम तक वापस न लौटने पर उन्होंने जब स्कूल टीचर से फोन पर बात की तो पता चला कि उनकी बेटी स्कूल नहीं आई थी। रेखा के मुताबिक उनकी बेटी जाने से पहले अपने मोबाइल से सिम कार्ड और मेमोरी कार्ड निकाल कर घर पर छोड़ गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मजदूर की मौत पर ठेकेदार पर एफआईआर

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-75 में बीते दिनों 16वीं मंजिल पर वाइटवॉश करते समय नीचे गिरने के कारण हुई मजदूर की मौत के मामले में ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मृतक की पत्नी ने थाना सेक्टर-113 में यह मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से बदायूं निवासी रेशमा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका पति सचिन सेक्टर-75 में ठेकेदार रजनीश की देखरेख में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## वन विभाग ने प्राधिकरण को भेजा नोटिस

### 6 को किया तलब, हाजिर न होने पर मुकदमें की चेतावनी

**नोएडा (चेतना मंच)।** वन विभाग ने सेक्टर-77 में डस्टफ्री जोन में फुटपाथ की खुदाई तथा पेड़ों को क्षति पहुंचाने पर नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक तथा ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। नोटिस में 6 जुलाई को व्यक्तिगत उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया गया है। हाजिर न होने पर मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी है। यह नोटिस क्षेत्रीय वन अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव ने भेजा है। उधर प्रदूषण नियंत्रण (शेष पृष्ठ-3 पर)


कार्यालय क्षेत्रीय वन अधिकारी दादरी ई-1 सैक्टर-1 नौएडा
पत्रांक 1ए/28-1 दिनांक 01.07.2024
वन विभाग, उत्तर प्रदेश
बनाम
नोटिस

## शासन ने प्राधिकरण से तलब की महर्षि आश्रम की 20 हेक्टेयर जमीन की फाइलें

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना विभाग ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर महर्षि आश्रम ट्रस्ट की 20 हेक्टेयर जमीन की फाइलें तलब की हैं। नोएडा प्राधिकरण ने फाइलें खंगालनी शुरू कर दी हैं। भूलेख विभाग का कहना है कि शीघ्र ही शासन को सारे कागजात व ब्यौरा भेजा दिया जाएगा।

दरअसल महर्षि आश्रम ट्रस्ट ने शासन से लंबित आवेदन करके मांग की है कि 1990 में सीलिंग के दौरान उसकी करीब 20 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर लिया गया। ये जमीन उसे वासप चाहिए। जमीन पर अवैध निर्माण है। अब उसे अपने विस्तार के लिए इस जमीन पर काम कराने है। जिसके बाद शासन ने प्राधिकरण को पत्र भेजकर जमीन का पूरा लेखा जोखा मांग लिया है। बता दें कि 1990 में जिसके पास 12.5 एकड़ से ज्यादा की जमीन थी वो सीलिंग में चली गई थी। इसमें सीलिंग में महर्षी आश्रम की जमीन भी शामिल थी। आवेदन में कहा गया है कि आश्रम की जमीन गेझा तिलपताबाद, भंगेल, बेगमपुर , हाजीपुर और सलरपुर के क्षेत्र में थी। इस जमीन का एरिया करीब 20 हेक्टेयर है। जिसके दस्तावेज आश्रम के मौजूद है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

नोएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

सत्र 2024-2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा


फोन .08750611103

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल (रजि.)
गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र
रिकॉर्ड मतों से तीसरी बार चुने गये सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री
डॉ. महेश शर्मा
को लोकसभा हाउसिंग कमेटी के चेयरपर्सन बनाया जाने पर
हार्दिक बधाई!

विकास जैन प्रदेश अध्यक्ष | नवनीत गुप्ता चेयरमैन | सौरभ सिंघल प्रदेश उपाध्यक्ष | निखिल अग्रवाल प्रदेश महामंत्री | प्रवीण गर्ग प्रदेश महामंत्री | सचिन गोयल प्रदेश कोषाध्यक्ष
लघु अग्रवाल जिलाध्यक्ष | मनीष शर्मा प्रदेश सचिव | भारत बंसल प्रदेश सचिव | शिवा चौहान जिला सचिव | रवि शर्मा उपाध्यक्ष ग्रेटर नोएडा | विवेक अग्रवाल जिला सचिव
सम्पर्क सूत्र-9560970150, 9810310722, 9811295204, 9871612550, 9711684932, 9971462157

## मौत का सत्संग

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में कथित 'भोले बाबा' का सत्संग सामूहिक मौत में तबदील हो गया। सत्संग एक स्वयंभू बाबा का था, जिनके श्रद्धालुओं में मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, अफसर भी शामिल हैं। हाथरस जिले के सत्संग में तब भगदड़ मच गई, जब गरीब, आम आदमी, महिलाएं आदि भक्त 'भोले बाबा' के पांव छूना चाहते थे। वह आस्था थी या धर्मान्धता थी, हम इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन एक औसत इनसान 'भगवान' नहीं हो सकता। सत्संग की भीड़ में बाबा का आशीर्वाद लेने की होड़ लगी थी। वह होड़ ही भगदड़ में तबदील हो गई। वहां कुछ फिसलन थी, गड्ढा था, लिहाजा लोग फिसल कर एक के ऊपर एक गिरने लगे। वे आपस में रौंद भी रहे थे। भीड़ में इतनी हड़बड़ी थी कि लोगों ने इनसानों को ही कुचल दिया। अंततः सत्संग 121 मौतों के साथ त्रासदी में बदल गया। करीब 35 घायल हो गए और 20 लापता बताए गए हैं। ये आंकड़े ज्यादा भी हो सकते हैं। कितने घर अनाथ हो गए। कितने घरों की 'देवियां' नहीं रहीं। बताया गया है कि 108 महिलाओं की मौत हुई है। सवाल यह है कि क्या कथित 'भोले बाबा' और उनके सेवादार आयोजकों के खिलाफ 'गैर इरादतन हत्या' का केस दर्ज किया गया है अथवा कोई संभावना है? मुख्य सेवादार और कुछ अन्य पर प्राथमिकी तो दर्ज की गई है। प्राथमिकी में 'भोले बाबा' का नाम क्यों नहीं है? बताया जाता है कि करीब 1.25 लाख की भीड़ सत्संग में आई थी। दूसरा पक्ष 2.5 लाख की भीड़ का दावा कर रहा है। संख्या को लेकर राज्य के मुख्य सचिव, इलाके के आईजी, डीएम और एसडीएम आदि के अलग-अलग बयान हैं। सवाल हैं कि यदि स्थानीय प्रशासन ने सत्संग की अनुमति दी थी, तो क्या पर्याप्त बंदोबस्त देखे गए थे? जल, चिकित्सा, दवाई, डॉक्टर, एम्बुलेंस और प्रवेश-निकास दरवाजों आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया था? क्या पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था? एडीजी ने दावा किया है कि मौके पर 40 पुलिस वाले थे। क्या इतनी भीड़ के लिए 40 पुलिस वाले पर्याप्त थे? क्या छोटे से गांव में भीड़ का सैलाब देखकर प्रशासन और पुलिस सतर्क नहीं हुए, लिहाजा बंदोबस्त नहीं किए जा सके। एसडीएम दफ्तर का कहना है कि 50 हजार की भीड़ बताई गई थी, लेकिन 80 हजार से ज्यादा लोग पहुंच गए। स्थानीय पुलिस का कहना है कि हमें कार्यक्रम का जो पत्र मिला था, उसमें भीड़ का कॉलम खाली था। राज्य के सर्वोच्च अधिकारी मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के बयान कुछ और ही हैं। प्रशासन के स्तर पर ये विरोधाभास क्यों हैं? आखिर किसकी जवाबदेही और जिम्मेदारी है? ऐसे धार्मिक और बाबाओं के आयोजनों में लोग आस्था और कष्टनिवारण की भावना से आते हैं। बेशक धर्मगुरु हों, सामाजिक नेता हों, प्रभावी लोग या आयोजक, हजारों-लाखों की भीड़ जुटा कर उन्हें उनके ही हाल पर छोड़ देते हैं। सरकारें और प्रशासन भी इन कथित बाबाओं पर हाथ नहीं डालते। कोरोना महामारी के दौरान इसी 'भोले बाबा' ने उप्र के फर्रुखाबाद में सत्संग किया था। उसमें भी खूब भीड़ जुटाई गई थी। सरकार और प्रशासन ने उस सत्संग की इजाजत कैसे दे दी थी? घटनास्थल का दृश्य इतना भयावह, हृदयविदारक, विचलित करने वाला था कि एक पुलिस कर्मी रवि यादव को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। हम कथित 'भोले बाबा' को बुनियादी गुनहगार मानते हैं। वह और उनके सेवादार तो अस्पताल तक नहीं पहुंचे कि उनके श्रद्धालु जीवित हैं अथवा दिवंगत हो चुके हैं! मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 घंटे में हादसे की रपट मांगी थी। वह उन्हें मिल चुकी होगी! वह खुद घटनास्थल पर पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल-चाल पूछा। बाबा कहां हैं, किसी को कोई जानकारी नहीं। वह कब तक भूमिगत रहेंगे? आखिर प्राथमिकी में उनका नाम क्यों नहीं है? एक इनसान और देश के नागरिक की कीमत 2-4 लाख रुपए नहीं है। मुद्दा और सवाल समुचित व्यवस्था और संवेदनशीलता का है। अंधविश्वास को लेकर हम किसी को कुछ भी राय नहीं दे सकते। आखिर बाबा के पांव की धूल में कौनसा कल्याण निहित है? हमारे देश में बाबाओं की भरमार भी इसलिए है क्योंकि यहां अंधभक्तों की कमी नहीं है, विशेषकर महिलाओं को जागरूक होना होगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि (भाइयों में) सबसे पहले मैं श्री भरतजी के चरणों को प्रणाम करता हूँ, जिनका नियम और व्रत वर्णन नहीं किया जा सकता तथा जिनका मन श्री रामजी के चरणकमलों में भौंरे की तरह लुभाया हुआ है, कभी उनका पास नहीं छोड़ता॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बंदउँ लछिमन पद जल जाता। सीतल सुभग भगत सुख दाता॥**
**रघुपति कीरति बिमल पताका। दंड समान भयउ जस जाका॥**

मैं श्री लक्ष्मणजी के चरण कमलों को प्रणाम करता हूँ, जो शीतल सुंदर और भक्तों को सुख देने वाले हैं। श्री रघुनाथजी की कीर्ति रूपी विमल पताका में जिनका (लक्ष्मणजी का) यश (पताका को ऊँचा करके फहराने वाले) दंड के समान हुआ॥

**सेष सहस्त्रसीस जग कारन। जो अवतरेउ भूमि भय टारन॥**
**सदा सो सानुकूल रह मो पर। कृपासिन्धु सौमित्रि गुनाकर॥**

जो हजार सिर वाले और जगत के कारण (हजार सिरों पर जगत को धारण कर रखने वाले) शेषजी हैं, जिन्होंने पृथ्वी का भय दूर करने के लिए अवतार लिया, वे गुणों की खान कृपासिन्धु सुमित्रानंदन श्री लक्ष्मणजी मुझ पर सदा प्रसन्न रहें॥

**रिपुसूदन पद कमल नमामी। सूर सुसील भरत अनुगामी॥**
**महाबीर बिनवउँ हनुमाना। राम जासु जस आप बखाना॥**

मैं श्री शत्रुघ्नजी के चरणकमलों को प्रणाम करता हूँ, जो बड़े वीर, सुशील और श्री भरतजी के पीछे चलने वाले हैं। मैं महावीर श्री हनुमानजी की विनती करता हूँ, जिनके यश का श्री रामचन्द्रजी ने स्वयं (अपने श्रीमुख से) वर्णन किया है॥

(क्रमशः..)

# नये भारत में बदलाव के कानून, जल्द मिलेगा न्याय

भारतीय न्याय प्रणाली की कमियां को दूर करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना नये भारत की अपेक्षा है। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, कानूनी प्रावधान न्यायसंगत एवं अपराध-नियंत्रण का माध्यम हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। निश्चित रूप से किसी भी कानून का मकसद नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति व अधिकारों की रक्षा करना ही होता है। जिससे किसी सभ्य समाज में न्याय की अवधारणा पुष्ट हो सके। 1 जुलाई, 2024 से भारत आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। न्याय का एक नया सूरज उदित हो रहा है, जब पूरे देश में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य संहिता को लेकर उम्मीद करनी चाहिए कि यह बदलाव न्याय की कसौटी पर खरा उतरेंगे। इस दृष्टि से यह कानून से जुड़ी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी और नया परिवेश देने वाला साबित होगा। उल्लेखनीय है कि कानूनी बदलाव से जुड़े ये तीनों विधेयक बीते साल संसद में पारित किये गए थे। अंग्रेजों के बनाये कानून क्या स्वतंत्र भारत में साढ़े सात दशक बाद भी लागू रहने चाहिए, यह लम्बे समय से विमर्श का विषय बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये, अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने का साहसिक एवं प्रासंगिक कदम उठाते हुए नए कानून लाने एवं उन्हें लागे करने का बड़ा कदम उठाया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य है। विपक्षी दलों ने सांस्कृतिक, धार्मिक व भौगोलिक विविधता वाले देश के लिये बनाये गये कानूनों को भले ही व्यापक सार्वजनिक विमर्श के बाद ही लागू किया जाने की अपेक्षा व्यक्त की हो, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि जहां ब्रिटिश काल में बने कानूनों का मकसद दंड देना था, वहीं नये कानूनों का मकसद नागरिकों को न्याय देना है। मौजूदा चुनौतियों व जरूरतों के हिसाब से कानूनों को बनाया गया है।

इन कानूनों को बनाने का मूल उद्देश्य अपराधमुक्त समाज की संरचना करना है। इसीलिये अपराधियों को कड़े दण्ड देने का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय न्याय संहिता में विवाह का प्रलोभन देकर छल के मामले में दस साल की सजा, किसी भी आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सजा, लूटपाट व गिरोहबंदी के मामले में तीन साल की सजा का प्रावधान है। आतंकवाद पर नियंत्रण के लिये भी कानून है। किसी अपराध के मामले में तीन दिन में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा सुनवाई के बाद 45 दिन में फैसला देने की समय सीमा निर्धारित की गई है। वहीं प्राथमिकी अपराध व अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम के जरिये दर्ज की जाएगी। व्यवस्था की गई है कि लोग थाने जाए बिना भी ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कर सकें। यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि इन कानूनों के माध्यम से देश में पुलिस सुधार को भी बल मिलेगा। पुलिस कानून-कायदे के तहत काम करने को विवश या बाध्य होगी। अंततः अब पुलिस को अनुशासित बनाने के साथ-साथ कारगर बनाने की ओर देश ने अपने कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस प्रशासन की सफलता इसी में है कि तमाम लोगों को यह महसूस हो कि कानून न्यायपूर्ण ढंग से लागू किया जा रहा है। एक पहलू यह भी है कि पुलिस प्रशासन को कुशल और सक्षम बनाने के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आए।



**सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुरूप राजद्रोह कानून को तो हटा दिया गया है लेकिन राष्ट्रीय एकता, अखंडता व संप्रभुता के अतिक्रमण को नये अपराध की श्रेणी में रखा गया है। संगठित अपराधों के लिये तीन साल की सजा का प्रावधान है।**

जिस स्तर की सेवा की उम्मीद लोग पुलिस से कर रहे हैं, उसके लिए सरकारों को पुलिस पर व्यय बढ़ाना होगा। सक्षम और सहयोगी पुलिस हमारे तेज विकास में कारगर होगी। पुलिस को प्रशिक्षित एवं सक्षम बनाने के तंत्र भी नये तरीके से विकसित करने होंगे। एक तरह से इन कानूनी प्रावधानों को सहज एवं सरल बनाने के प्रयास किये गये हैं।

ध्यान रहे, पिछले कानूनों में यह बड़ी कमी थी कि वे गरीबों को न्याय दिलाने में असमानता के द्योतक थे। उन कानूनों का इस्तेमाल गरीबों के खिलाफ जितनी आसानी से होता था, उससे कहीं ज्यादा कठिनाई से अमीरों के खिलाफ मामले दर्ज होते थे। आरोप सिद्ध होने या सजा के मामले में भी गरीबों को ही ज्यादा भुगतना पड़ता था। औपनिवेशिक युग के निर्मम या गरीब विरोधी कानूनों को समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी। अब इन नये तीन कानूनों ने ब्रिटिश काल के तीन कानूनों की जगह ले ली है, इसका एहसास कराना होगा कि ब्रिटिश हिसाब से बने कानून अब देश में नहीं चल रहे हैं। नए कानूनों में यह ताकत है कि इनसे अपने यहां संपूर्ण न्याय प्रणाली में आम नागरिकों के अनुरूप आधुनिक बदलाव हो सकता है। केंद्र सरकार ने अपना काम कर दिया है और अब राज्यों को अपने स्तर पर इन अच्छे एवं प्रभावी कानूनों को लागू करने की पूरी तैयारी करनी पड़ेगी और देश के ज्यादातर राज्यों में पुलिस जिस तरह से प्रशिक्षित हो रही है, इससे जुड़ी खबरों का सामने आना भी सुखद है। सक्षम और सहयोगी पुलिस नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत में कारगर होगी।

सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुरूप राजद्रोह कानून को तो हटा दिया गया है लेकिन राष्ट्रीय एकता, अखंडता व संप्रभुता के अतिक्रमण को नये अपराध की श्रेणी में रखा गया है। संगठित अपराधों के लिये तीन साल की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही अपराध की जांच-पड़ताल को आधुनिक तकनीक के जरिये न्यायसंगत बनाने का प्रयास किया गया है। जिसमें फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाना भी अनिवार्य है ताकि अपराधी संदेह का लाभ न उठा सकें। दूसरी ओर सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अपराध नियंत्रण में बढ़ेगा। नये कानून के अनुसार मौत की सजा पाये अपराधी को खुद ही दया याचिका दायर करनी होगी, कोई संगठन या व्यक्ति ऐसा न कर सकेगा। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं उसे कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने एवं पुलिस-व्यवस्था को सुधारने एवं सक्षम बनाने के लिये साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने के लिये तत्पर होना होगा। नये कानून एवं नयी आधुनिक अदालते कल के भारत को और मजबूत करेगी। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने में इनकी सर्वाधिक सार्थक भूमिका होगी। सरकार अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी या स्थानीय भाषाओं में न्याय-प्रक्रिया को संचालित करने के लिये भी प्रतिबद्ध है।

नए कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन लद जाएंगे। एक जुलाई से लागू हो रहे आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआईआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है। शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। साथ ही आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान होगा। शिकायत, सम्मन और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रानिक माध्यमों के इस्तेमाल से न्याय की रफ्तार तेज होगी। उपर्युक्त सभी बातों को देखते हुए स्पष्ट है कि भारतीय न्याय तंत्र में विभिन्न स्तरों पर सुधार की दरकार को महसूस करते हुए वैसी व्यवस्थाएं की गयी है। लेकिन यह सुधार न सिर्फ न्यायपलिका के बाहर से बल्कि न्यायपालिका के भीतर भी होने चाहिये। ताकि किसी भी प्रकार के नवाचार को लागू करने में न्यायपालिका की स्वायत्तता बाधा न बन सकें। न्यायिक व्यवस्था में न्याय देने में विलंब न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, अतः न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि दिखना भी चाहिये। नये कानूनों एवं नयी कानूनी व्यवस्थाओं से ऐसा होता हुआ दिख रहा है जो नये भारत की ओर गति को दर्शा रहा है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## बारिश की वजह से (व्यंग्य)

नई सरकार की नई उड़ानों के साथ, सेंसेक्स नए आसमान बदलता रहता है उधर गर्मी ने ज़मीन पर नए बुखार ईजाद कर दिए हैं। कुछ मिनट की बारिश ने नावों का कारोबार शुरू करा दिया है। डिमांड और सप्लाई के मद्देनज़र शुद्ध मिनरल पानी बनाने वाली कंपनियों ने बारिश का पानी इक्कट्ठा करना शुरू कर दिया है ताकि कोई प्यासा न बचे। प्रसिद्ध ब्रांड के मिनरल वाटर, एक्का गार्ड व आरओ सिस्टम बनाने वाली कंपनी ने नाटक करने व करवाने का पूरा खर्चा उठाने का नैतिक निर्णय लिया हुआ है। स्थानीय कलाकार बढ़ती गर्मी में झुलसने के बावजूद आम लोगों को पानी की कमी बारे जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक 'पानी कहां गया रे' की रिहर्सल कर रहे थे जो कुछ दिन के लिए स्थगित कर दी गई है।

ज्यादा बारिश के कारण हुई पानी की कमी के कारण अब फिल्म देखने के दौरान खरीदे जाने वाले पीने के पानी की दरें कुछ बढ़ सकती हैं। बारिश आने के कारण सक्रिय एनजीओज़ की ज़िम्मेदारी बढ़ गई है, अब उन्हें 'बारिश का पानी कैसे बचाएं' जैसे ज्वलंत विषय पर चर्चाएं करवानी होंगी और नेताजी को मुख्य अतिथि बनाना होगा ताकि कुछ लोग ज़रूर आ जाएं। 'पानी की कमी' विषय पर निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थी पुरस्कार जीत सकते थे, लेकिन वक़्त की ज़रूरत के अनुसार उन्हें तरह तरह का डांस करना सिखाया जा रहा है ताकि वे शीघ्र किसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतें।



**ज्यादा बारिश के कारण हुई पानी की कमी के कारण अब फिल्म देखने के दौरान खरीदे जाने वाले पीने के पानी की दरें कुछ बढ़ सकती हैं। बारिश आने के कारण सक्रिय एनजीओज़ की ज़िम्मेदारी बढ़ गई है, अब उन्हें 'बारिश का पानी कैसे बचाएं' जैसे ज्वलंत विषय पर चर्चाएं करवानी होंगी।**


बेहद प्रशंसनीय यह है कि इस बार यह नृत्य कार्यक्रम अब बारिश को समर्पित किया जा रहा है। शायद इस संबंध में वन विभाग वाले भी कुछ ठोस करने की सोच रहे होंगे। वह शीघ्र ही मंत्रीजी से समय लेकर इस बार अग्रिम वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित करेंगे और कागजों में लाखों वृक्ष लगवाकर छोड़ेंगे। उधर कुछ धार्मिक संस्थाओं ने ज़ोरशोर से हवन करना शुरू कर दिया है ताकि ऐसी बारिश दोबारा न हो। उन्हें पता है इंसान ने विकास के लिए पेड़ काटकर, बड़ी ज़िम्मेदारी निभा दी है तभी मौसम बिगड़ चुका है और अब तो वरुणदेव ही बारिश रोक सकते हैं ।

चीन भी नकली बारिश करवा सकता है तो रुकवा भी सकता है। समझदार सरकार एक आयोग गठित कर सकती है जो गरमी, बारिश और सूखे से जुड़े अनेक ज्वलंत मुद्दों पर अनुसंधान की दीर्घकालीन योजना आरंभ करे। इन मुद्दों में विकास की धारणा बदले बिना प्रकृति की रक्षा, कार्बन डायकसाइड कम किए बिना ग्लोबल वार्मिंग कम करने में मानवीय योगदान, समुद्र का पानी बिना साफ किए आम जनता के लिए पीने लायक बनाना जैसे ज्वलंत विषय शामिल किए जा सकते हैं। बारिश अब एक असामयिक उपहार है उन्हें जब न चाहे मिल सकता है।


**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल


**आषाढ़ कृष्ण पक्ष : अमावस्या** | **(विक्रम संवत् 2081)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यावसायिक स्थिति अभी थोड़ी बुझी-बुझी सी रहेगी, किसी व्यापार की शुरुआत अभी न करें।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
धन हानि के संकेत हैं। निवेश न करें। कुटुंबों से न उलझें। जुबान पर नियंत्रण रखें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं बाकी प्रेम-संतान मध्यम




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
ऊर्जा का स्तर घटता रहेगा। एक सूना-सूनापन रहेगा। बुझा-बुझा सा महसूस करेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार मध्यम रहेगा।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। प्रेम-संतान व व्यापार बहुत अच्छा है। सरकारी तंत्र से पंगे बाजी न लें।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मानसिक स्थिति थोड़ी दबी-दबी रहेगी। प्रेम-संतान मध्यम रहेगा।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। व्यापारिक स्थिति थोड़ी मंदी रहेगी। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
अपमानित होने का भय है। यात्रा में कष्ट संभव है। धर्म-कर्म में अतिवादी न बनें। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार मध्यम है।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी चाकरी की स्थिति उदासीन रहेगी।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा रहेगा। व्यापार अच्छा।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। अति भावुकता से बचें। मानसिक स्थिति थोड़ी अवसाद ग्रस्त रहेगी। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार मध्यम है।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य मध्यम। रक्तचाप से संबंधित परेशानी हो सकती है।

# राहुल गांधी को बदनाम कर रही है भाजपा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** राहुल गांधी के द्वारा संसद में नीट परीक्षा के बारे में उठाए गए प्रश्नन को लेकर बीजेपी को डर सताने लगा कि कहीं हमारे झूठ का पर्दाफाश ना हो जाए इन्हीं सब झूठी बातों को लेकर बीजेपी के नेता अनाप-शनाप झूठ फैला रहे हैं।

राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं इन्हीं सब बातों को लेकर आज हाई कमान के आदेश अनुसार महिला जिला अध्यक्ष गौतमबुधनगर राधा रानी की नेतृत्व में महामहिम गवर्नर के लिए एक ज्ञापन सौंपा गया और इसी के साथ राधा रानी ने बोला है कि राहुल गांधी ने बोला है वह सत्य बोला है और नीट में ध्यान दीजिए आरोपों की जांच होनी चाहिए उचित कमेटी बनाई जानी चाहिए।

इस अवसर पर पूजा, सुषमा, कुनता सीमा, मेहसर, बिमलेश, गीता व हिमसा और रामभरोंसे शर्मा जी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, हेमचंद नागर जी जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया गौतम बुद्ध नगर शाहिद भाई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और रनबीर सिंह की आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ‘जिले में गुट बाजी का शिकार हो गयी है कांग्रेस’

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** एक और जहां कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एवं पार्टी की नेता प्रियंका गांधी कांग्रेस को मजबूती की ओर ले जाने के लिए प्रयासरत है वहीं गौतमबुद्धनगर जिले में प्राय अमृत पड़ी कांग्रेस पार्टी को कब संजीवनी मिलेगी यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है बताते चलें कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस को जिस तरह से जनता ने अपना जन समर्थन देकर उत्साह बढ़ाया है उसे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस अब धीरे-धीरे अपने पुराने फॉर्म में लौटने लगी है।

लेकिन यदि गौतमबुद्धनगर जिले की चर्चा करें तो यहां ना कार्यकर्ता है ना संगठन केवल कागजों पर ही सब सिमट कर रह गया है हाल ही में कांग्रेस हाई कमान ने संगठन का विस्तार करते हुए नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर दी। लेकिन जिले में अभी तक संगठन का पूरी तरह से विस्तार भी नहीं हो पाया है।

कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं का जहां तोता है। वही कांग्रेस जनमानस के मुद्दों को लेकर भटक गई है। सूत्र बताते हैं कि जनपद में कांग्रेस पार्टी में जबरदस्त गुटबाजी व्याप्त है गुटबाजी के कारण पार्टी को जमीनी स्तर पर काफी नुकसान हो रहा है। राजनैतिक विश्लेषकों की माने तो कांग्रेस पार्टी गौतमबुद्ध नगर में सून्य की स्थिति में पहुंच गई है हालांकि इस बात की जानकारी पार्टी हाई कमान को भी है। लेकिनपार्टी हाई कमान अभी तक यहां पर कोई भी निर्णय ले नहीं पा रहा है। गौतम बुद्ध नगर के में हुए लोकसभा चुनाव में भी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर के भी पक्ष में कांग्रेस कार्यकर्ता कहीं चुनाव प्रचार में भी नहीं दिखाई दिए अब देखना है कि जनपद में मृत पड़ी कांग्रेस को आखिर संजीवनी कैसे मिलेगी यह तो आने वाला समय बताएगा। लेकिन जिस तरह से कांग्रेस में गुटबाजी समाप्त नहीं हो रही है। उस पार्टी को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# डॉ. महेश शर्मा को अध्यक्ष बनने पर दी बधाई





**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुधनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा को संसदीय हाउसिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नेता अजय प्रधान मिश्रा ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि डॉ महेश शर्मा एक लोकप्रिय राजनेता है और उनके अध्यक्ष बनने से समस्याओं का समाधान शीघ्रता से होगा। उन्होंने संसदीय हाउसिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा हमेशा से लोगों के जनप्रिय नेता रहे हैं डॉक्टर महेश शर्मा के अध्यक्ष बनने पर लोगों ने बधाई दी है।

# केनरा बैंक हिंदी प्रशिक्षण समन्वय समिति की पहल पर सेमिनार आयोजित



**गुरुग्राम (चेतना मंच)।** केनरा बैंक द्वारा हिंदी प्रशिक्षण समन्वय समिति, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय द्वारा गुरुग्राम में केनरा बैंक द्वारा ‘अखिल भारतीय सेमिनार’ का आयोजन किया गया। सेमिनार में ‘डिजिटल भारत में फिनटेक के प्रसार में भारतीय भाषाओं की भूमिका’ विषय पर आलेख प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की सचिव सुश्री अंशुली आर्या रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता केनरा बैंक के कार्यपालक निदेशक, अशोक चंद्र द्वारा की गई।

इस अवसर पर जयकिश, प्रधानाचार्य, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिजर्व बैंक, अरविंद कुमार चतुर्वेदी, महा प्रबंधक, केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिजर्व बैंक, धर्मबीर, उप निदेशक, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, राजेश कुमार सिंह, मुख्य महा प्रबंधक, केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, दिल्ली, श्रीनाथ जोशी, मुख्य शिक्षण अधिकारी, केनरा बैंक प्रबंधन संस्थान, मणिपाल व बैंक के मुख्य राजभाषा अधिकारी ई रमेश उपस्थित रहे।

सुश्री अंशुली आर्या, सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम अपना तकनीकी कार्य हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में करने में सक्षम हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बैंक और अधिक क्षेत्रीय भाषाओं को भी इसमें शामिल करेंगे, जिससे सुदूर प्रांत की जनता को भी बैंकिंग सेवाएं दी जा सकें।

सेमिनार में विभिन्न बैंकों व वित्तीय संस्थानों के 25 प्रतिभागियों द्वारा उक्त विषय पर आलेख प्रस्तुत किए गए। श्रेष्ठ आलेख प्रस्तुतकर्ताओं को सुश्री अंशुली आर्या, सचिव द्वारा सम्मानित किया गया।



**दादरी नगर में आंखों के कैंप का आयोजन किया गया, एवं कैंप में मुफ्त में दवाइयां वह चश्मे का भी वितरण किया गया। कैंप में रीना राघव मौजूद रहीं।**

# डीएम से मिला प्रतिनिधि मण्डल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल ज़िला अधिकारी एवं ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला।

ज़िलाधिकारी आश्वासन दिया है कि टोल फ्री होने से शिक्षकों के समय और पैसे की बचत होगी। आप यह भी अवगत ही है कि हमारे काफ़ी संख्या में सहायक अध्यापक कई वर्षों से इंचार्ज प्रधानाधयापक के पद पर कार्य कर रहे है जबकि वेतन सहायक अध्यापक का ही मिल रहा है।

शिक्षक संघ द्वारा योजित याचिका के आदेश के अनुपालन में प्रधानध्यापक के पद के समान वेतन देने की माँग ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की है।

इस संबंध में ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को पत्र भेजने का आश्वाशन दिया है।

# शटरिंग खोल रहे ठेकेदार पर हमला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के एमनाबाद गांव में शटरिंग खोलने गए ठेकेदार के साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी दी।

सेक्टर-3 डी ब्लॉक में रहने वाले प्रमोद शर्मा ने बताया कि वह निर्माण अधीन मकान में शटरिंग लगाने का काम करते हैं। कुलदीप व भोलर भी शटरिंग का काम करते हैं। उन्होंने कुलदीप आदि के साथ मिलकर एमनाबाद स्थित एस डिविनो मार्केट में करीब ढाई माह पूर्व शटरिंग लगाई थी। इस दौरान कुलदीप ने उन्हें पैसों का भुगतान नहीं किया। जिस पर उन्होंने अपनी शटरिंग वापस मांगी। कुलदीप ने शटरिंग वापस करने से भी इंकार कर दिया। उन्होंने इसकी शिकायत थाना बिसरख पुलिस से की। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। समझौते के तहत 2 जुलाई को अपनी शटरिंग लेने के लिए मार्केट पहुंचा। प्रमोद शर्मा का आरोप है कि वह अपने बेटे व भाई के साथ शटरिंग ट्रैक्टर में लोड कर रहा था। इस दौरान कुलदीप, सुनील, भोलर सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# ओएलएक्स पर कार बेचने के नाम पर दंपत्ति ने की धोखाधड़ी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ओएलएक्स पर कार बेचने का विज्ञापन देकर एक व्यक्ति से लाखों रुपए हड़पने वाले दंपति के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि दंपति ने पैसे वापस मांगने पर उसे बलात्कार के फर्जी आरोप में फंसा कर जेल में सड़ाने की धमकी दी।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लाल रेजिडेंसी में रहने वाले ज्ञान प्रकाश ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने 13 फरवरी 2023 को ओएलएक्स पर अमन पवार नामक व्यक्ति द्वारा अपनी पुरानी हुंडई वरना कार को बेचने का एक विज्ञापन देखा था। उक्त विज्ञापन को देखकर उसने अमन पवार से संपर्क किया। दोनों के बीच 850000 में कार खरीदने पर सहमति बनी। ज्ञान प्रकाश के मुताबिक उसने अमन पवार को शुरुआत में 199000 दिए इसके बाद अमन पंवार ने उसे कार सुपुर्द कर दी। बाकी पैसे 15 दिन के भीतर देने पर दोनों के बीच सहमति हुई। ज्ञान प्रकाश के मुताबिक उसने अमन पवार तथा उसकी पत्नी प्रियंका पवार के खातों में अन्य बकाया धनराशि भी ट्रांसफर कर दी। 1 अप्रैल 2023 को उसने अपनी कार सेक्टर-150 से स्थित ऑफिस के बाहर पार्क की हुई थी। शाम के समय जब वह ऑफिस से बाहर आया तो उसे कार गायब मिली। कार अमन पवार के नाम ही पंजीकृत थी। इसलिए उसने उससे संपर्क कर पुलिस रिपोर्ट करने के लिए कहा।

अमन पंवार ने बताया कि कार को बैंक वाले ले गए हैं। इसलिए पुलिस रिपोर्ट करने की जरूरत नहीं है। दो दिन बाद अमन पंवार ने बैंक वालों के यहां से कार लाने की बात कहकर उनसे कार की चाबी ले ली। भरोसा दिलाने के लिए अमन पंवार ने उसके खाते में 50000 यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद अमन पवार ने उसे कार वापस नहीं की। उसने जब अमन पंवार से फोन पर संपर्क किया तो उसने धमकी दी कि वह अपने पैसे और कार को भूल जाए। उसने अगर उसे परेशान किया तो उसे बलात्कार के जुर्म में जेल भिजवा देगा।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**हाथरस भगदड़ कांड...**

दिल के मरीज हैं और उनके परिवार के एक सदस्य की भी इस घटना में मौत हो गई है। वह दिल के मरीज हैं और अस्पताल में भी भर्ती हैं लेकिन जैसे ही उनकी हालत स्थिर होगी, हम उन्हें पुलिस और एसआईटी के सामने पेश करेंगे ताकि आगे की कार्यवाही ठीक से हो सके। देव प्रकाश मधुकर का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। हम न तो कोई अदालती कार्यवाही शुरू करने जा रहे हैं और न ही कुछ करने जा रहे हैं।

हाथरस कांड के बाद यूपी पुलिस भोले बाबा और देवप्रकाश तथा अन्य लोगों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में जिस आश्रम में नारायण साकार हरि के रुकने की चर्चा है। वहां बृहस्पतिवार की आधी रात सन्नाटे को चीरती हुई पुलिस की कुछ गाड़ियां आश्रम पहुंचीं। ये गाड़ियां आश्रम में दाखिल होने के बाद रात करीब एक बजे निकलीं। चर्चा है कि लौटते समय पुलिस आश्रम से भी दो गाड़ियां साथ ले गई है। सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम, साकार विश्व हरि को भी अपने साथ ले गई है। हालांकि पुलिस अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

**पीड़ितों से मिले...**

आ ओमवती के परिवार वालों से मिले। दुर्घटना के शोक संतप्त परिवारों से मिलने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, %यह दुखद हादसा है। बहुत परिवारों को नुकसान हुआ है। काफी लोगों की मृत्यु हुई है। प्रशासन की कमी तो है और भी गलतियां हुई हैं। पीडि़ति परिवारों को सही मुआवजा मिलना चाहिए। मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से विनती करता हूं कि दिल खोलकर मुआवजा दें। मुआवजा जल्दी से जल्दी देना चाहिए।परिवारवालों से मेरी बातचीत हुई है। अलीगढ़ के थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव पिलखाना में शुक्रवार प्रातः कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पहुंचकर हाथरस सत्संग हादसे के मृतक मंजू उसके छह वर्ष के बेटे पंकज अन्य परिवार की शांति देवी व प्रेमवती के पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। घटना को दुखद बताते हुए पीड़ित परिजनों से घटना के बारे में जानकारी करने के साथ मृतक मंजू की सास को राहुल गांधी ने आश्वस्त किया कि वह अपने स्तर से हर संभव उनकी मदद करेंगे और कहा कि अब वह इस स्तर पर है कि पीड़ित परिवारों की लड़ाई लड़ने के साथ उनकी सरकार द्वारा हर संभव मदद करायेंगे।

**लॉजिक्स शॉपिंग...**

सीएफओ प्रदीप कुमार का कहना है कि लगभग ग्यारह बजे फायर सर्विस यूनिट को कंट्रोल रूम और लॉजिक्स मॉल मैनेजमेंट की तरफ से सूचना मिली की फर्स्ट फ्लोर पर एक स्टोर में आग लगी है. स्टोर रूम का शटर बंद था हमारे कर्मचारी यहां पर पहुंचे हैं और मशीन की मदद से शूटर को काटकर आग काबू पाया. चूकि आग की सूचना अलार्म के माध्यम से मिली थी. लेकिन जब तक फायर बिग्रेड की टीम पहुंची तब तक धुँआ काफी भर गया था. शटर को काटकर आग को पूरी तरह बुझा दिया गया है. फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां लगी है पूरे मॉल की चेकिंग कर ली गई है किसी के फंसे होने की सूचना नहीं है और आग लगने का हम पता कर रहे हैं आधे से एक घंटे में धुएं पर काबू पा लिया जाएगा.

**प्रताड़ना से त्रस्त...**

पति विपिन यादव, देवर सनोज यादव, विवेक यादव व देवरानी जसोदा प्रताड़ित करते थे। प्रताड़ना से त्रस्त होकर ही उनकी बेटी ने आत्महत्या की है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**एमबीए की छात्रा को...**

प्रदीप कुमार ने उसके फोन का डाटा चोरी करके इंस्टाग्राम, फेसबुक, जीमेल आईडी, व्हाट्सएप आदि को हैक कर लिया और उसकी प्राइवेट फोटो को इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। प्रदीप कुमार बार-बार फोन कर उसे मुलाकात करने के लिए दबाव बना रहा है। उसने मिलने से इनकार कर दिया तो वह उसे मानसिक रूप से टॉर्चर व ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसके प्राइवेट फोटो को वायरल कर उसे प्रताड़ित करने के साथ-साथ बदनाम भी कर रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश की जा रही है।

**वन विभाग ने प्राधिकरण...**

बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय ने भी नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी को नोटिस भेजा है। जिसमें जल विभाग द्वारा ग्रीन पेवंग डस्टफ्री जोन में फुटपाथ की खुदाई में जो क्षति हुई है उसे शीघ्र सही करने के लिए कहा गया है। विभाग ने एक पर्यावरणविद की शिकायत पर नोटिस भेजा है।

**स्कूल गई छात्रा...**

पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरियों की तलाश की जा रही है।

**सड़क किनारे खड़े...**

जहां उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि संजय पांडे की शिकायत पर टेंपो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीडि़त द्वारा उपलब्ध कराए गए टेंपो नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

वहीं थाना दादरी में अलीगढ़ निवासी कुणाल ने स्विफ्ट डिजायर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कुणाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी बहन व उसके बच्चों को लेकर बलेनो कार से गाजियाबाद आ रहा था। सिकंदराबाद टोल टैक्स पारकर जैसे ही वह पेरीफेरल्स एक्सप्रेसवे पर पहुंचा तो विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही स्विफ्ट डिजायर कार के चालक ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई तथा वह उसकी बहन रेणु राघव, भांजी अवनी राघव, रिद्धिमा राघव को काफी चोटे आई। हादसे के बाद कार चालक सचिन कौशिक मौके से फरार हो गया।

**शासन ने प्राधिकरण से...**

अब ये जमीन आश्रम वापस लेना चाहता है। जिसके बाद प्राधिकरण ने दस्तावेजों को खंगाल रहा है। इसकी एक रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। भूलेख विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्राइमरी स्टेज का काम पूरा कर लिया गया है। जल्द ही रिपोर्ट फाइल कर शासन को भेजा जाएगा।

**मजदूर की मौत पर...**

अपार्टमेंट की पुताई का काम कर रहा था। 31 मई को उसका पति सचिन 16 मंजिल से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसके पति की मौके पर ही मौत हो गई थी। जानकारी करने पर पता चला कि काम करने के दौरान ठेकेदार ने उसके पति को जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए थे। सुरक्षा उपकरणों के अभाव में ऊंचाई से गिरने के कारण उसके पति की मौत हो गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर पुलिस ने ठेकेदार रजनीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चोरों की भीड़ ने कर दी धुनाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** सलारपुर गांव में एक घर से मोबाइल चोरी कर भाग रहे दो चोरों को लोगों ने मौके पर दबोच लिया। चोरों की धुनाई करने के बाद लोगों ने उन्हें थाना सेक्टर-39 पुलिस के हवाले कर दिया। मूल रूप से कासगंज निवासी राजेंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिवार सहित सलारपुर गांव में किराए पर रह रहे हैं। बीती देर रात्रि वह अपने कमरे में सोए हुए थे। गर्मी होने के कारण उन्होंने कमरे का दरवाजा खुला रखा था। रात्रि में अचानक आहट सुनकर उनकी आंख खुली तो उन्हें कमरे में दो युवक दिखाई दिए। उन्होंने युवकों को देखकर शोर मचाया जिस पर वह भाग निकले। आसपास रहने वाले लोगों की मदद से दोनों चोरों को दबोच लिया गया। तलाशी में उनके पास से कमरे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ के दौरान पकड़े गए चोरों ने अपना नाम रोहित कुमार व अमित वाल्मीकि निवासी ग्राम हाजीपुर बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों चोरों के खिलाफ मामला दर्ज न्यायालय में पेश किया गया है।

# ई-रिक्शा व दो बाइक पर हाथ साफ

**नोएडा (चेतना मंच)।** वाहन चोरों ने अलग-अलग स्थान से एक ई-रिक्शा व दो बाइक पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों के शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इलाहाबास गांव में किराए पर रहने वाले राहुल ने थाना सेक्टर-142 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसने 25 जून को अपना ई-रिक्शा सेक्टर-140 में खड़ा किया कर दिया था और किसी काम से चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसका ई-रिक्शा गायब था। काफी तलाशने पर भी ई-रिक्शा के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इसी थाना क्षेत्र के फेलिक्स अस्पताल के बाहर से अस्पताल के आरएमओ शहजाद उस्मानी की बाइक चोरी हो गई। शहजाद उस्मानी ने बताया कि वह 25 जून की रात्रि को अस्पताल में ड्यूटी पर आया था। उसने अपनी बाइक अस्पताल के बाहर बनी पार्किंग में खड़ी कर दी। सुबह जब वह ड्यूटी खत्म कर बाइक लेने आया तो वह गायब मिली। वहीं थाना बीटा-2 में गाजियाबाद निवासी अमित कुमार शर्मा ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमित कुमार शर्मा ने बताया कि वह 7 जून को कमर्शियल बेल्ट स्थित पशु चिकित्सालय में किसी से मिलने आया था। चिकित्सालय के बाहर उसने अपनी बाइक खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T07 Date - 03.07.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।

कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल के LKU-HDW, HDW यार्ड, MB-RMR एवं PBE-SZP खंडों में अतिचार वाले एलसी गेटों 49/A, 52/A, 39/B एवं 44/8-9 के स्थान पर सबवे (एलएचएस) के निर्माण के दौरान ओएचई संबंधी कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T07, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 42,14,968.14, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 84,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 25.07.2024, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 12 माह। • खुली ई-निविदा दिनांक 25.07.2024 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/**

**मुजाधि/विद्युत -73 टीआरडी/इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, (पी-2) सैक्टर ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 (उ.प्र.)

Toll Free No. : 18001808296 वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई०ई०ए०/भूलेख/321/2024 दिनांक 03.07.2024

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, द्वारा तहसील से गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा सम्बन्धी आख्या उपलब्ध कराई गई है, जिसका विवरण निम्नलिखित तालिका में अंकित है :-

**ग्राम धनौरी, सैक्टर-18**

| ग्राम का नाम | सैक्टर | खसरा संख्या |
|---|---|---|
| धनौरी | सैक्टर-18 के अन्तर्गत आने वाले खसरे | 973 मि० व 1713 मि० |

पत्रांकः वाई०ई०ए०/भूलेख/737/2024 दिनांक 04.07.2024

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है :-

**ग्राम मिर्जापुर, सैक्टर-20 के अन्तर्गत क्रय भूमि हेतु**

| क्र. सं. | ग्राम का नाम | खातेदार का नाम व पता | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे०) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मिर्जापुर | ओमदत्त भारद्वाज, हरिकिश्न शर्मा पुत्रगण स्व० रमेशचन्द भारद्वाज व सीमा शर्मा पत्नी स्व० रामदत्त शर्मा व भूपेन्द्र शर्मा पुत्र स्व० रामदत्त शर्मा निवासी ग्राम पारसौल हाल नि० जे०-1321, सैक्टर-91, विजयनगर, गा०बाद | 52 | 539/4 | 0.9860 | में से | 0.4928 |
| | | | | 539/7 | 0.8470 | में से | 0.4232 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

# टी20 विश्व कप जीतकर भारत पहुंचे टीम इंडिया के खिलाड़ी

## हवाई अड्डे पर हुआ भव्य स्वागत, खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** टी20 विश्व कप जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था रही। खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। इसके बाद टीम दिल्ली के मौर्य होटल पहुंची। वहां से खिलाड़ी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पहुंचे। टीम इंडिया की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात का वीडियो सामने आया गया है। वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी टीम के सदस्यों से बात करते हुए नजर आ रहे हैं। इस क्रम में टीम इंडिया को चैम्पियन बनाने वाले कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच राहुल द्रविड़ ने प्रधानमंत्री के हाथ में टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी थमा दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव से बात करते दिखे। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद टीम इंडिया दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। जहां से विश्व विजेता टीम मुंबई के लिए रवाना होगी। पिछले शनिवार को टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। तूफान बेरिल के चलते बारबाडोस में शटडाउन के कारण भारतीय टीम खिताब जीतने के तुरंत बाद स्वदेश नहीं लौट पायी थी। खिलाड़ी अपने होटल में ही रुके थे जिसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने वापसी के लिए विशेष उड़ान का इंतजाम किया। एयर इंडिया का विशेष विमान एआईसी 24 डब्ल्यूसी एयर इंडिया चैम्पियंस 24 विश्व कप बुधवार को भारतीय समयानुसार सुबह चार बजकर 50 मिनट पर बारबाडोस से रवाना हुआ और 16 घंटे बिना रुके यात्रा करने के बाद गुरुवार सुबह छह बजे (भारतीय समयानुसार) दिल्ली पहुंचा। हवाई अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी लेकिन इससे प्रशंसकों का उत्साह कम नहीं हुआ। उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। खिलाड़ियों को आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल ले जाने के लिए टी थ्री टर्मिनल के बाहर दो बसें खड़ी थीं। होटल पहुंचने पर ढोल और पारंपरिक भांगड़ा डांस से उनका स्वागत किया गया। कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने भांगड़ा कर रहे डांसरों के साथ डांस किया।

# खास खबर

## गडकरी से मिले गंभीर

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की है। गंभीर का नाम भारतीय क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच की रेस में सबसे आगे हैं। ऐसे में इस मुलाकात को लेकर कई प्रकार की अटकलें भी शुरू हो गयी हैं।

वहीं गंभीर से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्हें कहा कि मैंने इस बारे में अभी विचार नहीं किया है। ऐसे में जिस सवाल का जवाब देना अभी संभवन नहीं है उसे न करें। साथ कहा कि आईपीएल में कालकाता नाइटराइडर्स को जीत दिला कर वह खुश है और अभी उसी का आनंद ले रहे हैं। गंभीर आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के मेंटर थे और टीम को जिस प्रकार से सफलता मिली उसमें उनका अहम योगदान बताया जा रहा है। गंभीर की कप्तानी में पहले भी केकेआर ने दो बार आईपीएल खिताब जीते थे।

## नागल और लाजोविच विम्बलडन के पहले ही दौर में हारे

**विम्बलडन ।** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त सुमित नागल और उनके जोड़ीदार सर्बिया के डुसान लाजोविच विम्बलडन टेनिस के पहले ही दौर में हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। नागल और लाजोविच को युगल मुकाबले के पहले ही दौर में स्पेन के जाउमे मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की जोड़ी ने 2-6, 2-6 से हरा दिया। नागल और लाजोविच की जोड़ी को एक घंटे से अधिक समय तक चले मैच के बाद हार का सामना करना पड़ा। वहीं एकल में नागल दो घंटे 48 मिनट तक चले मैच में सर्बिया के मियोमीर केसमानोविच के हाथों 2-6 6-3 3-6 4-6 से हार गये थे।

## चेन्नईयन एफसी से खेलेंगे जॉर्डन

**चेन्नई ।** अब कोलंबिया के स्टार फुटबॉलजर विलमर जॉर्डन गिल चेन्नईयन एफसी से खेलते हुए दिखेंगे। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र को देखते हुए इस स्टार स्ट्राइकर के साथ एक साल का अनुबंध किया है। एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्वू के बाद वह क्लब से जुड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। क्लब के अनुसार ये कोलंबियाई फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में उसने आईएसएल में खेला है। इस फुटबॉलर ने पहली बार साल 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से खेला था। इसके अलावा उसने अगले सत्र में पंजाब एफसी की तरफ से भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उसके नाम अभी तक आईएसएल के 15 मैच में 8 गोल हैं। इससे पहले एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्वू भीइस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची

**लंदन।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने डच जोड़ी रॉबिन हासे और सैंडर एरेन्ड्स को हराकर विंबलडन पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बोपन्ना-एबडेन ने बारिश के व्यवधान के बावजूद एक घंटे और 11 मिनट तक चले मुकाबले में अपने डच प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। बोपन्ना और एबडेन दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्स्टेंटिन फ्रैंटजेन की जर्मन जोड़ी से भिड़ेंगे।हालांकि, सुमित नागल का अभियान बुधवार को अपने सर्बियाई जोड़ीदार डुसन लाजोविच के साथ पुरुष युगल के पहले दौर के मैच में हारने के बाद खत्म हो गया। इस जोड़ी को स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जौम मुनार ने 6-2, 6-2 से हराया। इससे पहले, नागल को विंबलडन में अपने पहले मुख्य ड्रॉ में पुरुष एकल के पहले दौर से बाहर होना पड़ा था।

# भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने किया जमकर अभ्यास

एजेंसी

**हरारे ।** कप्तान शुभमन गिल सहित भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 6 जुलाई से शुरू होने वाली टी20 सीरीज को देखते हुए जमकर नेट अभ्यास किया है। भारतीय टीम को इस सीरीज में पांच मैच खेलने हैं।

टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं क्योंकि टी20 विश्वकप टीम में शामिल अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। इस दौरे में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। टीम में तीन नए खिलाड़ियों साई सुदर्शन, जितेश



शर्मा और हर्षित राणा को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह शामिल किया गया है। ऐसे में इस सीरीज में शामिल युवाओं के पास बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर है। भारतीय टीम इस दौरे में पांच मैच 6 जुलाई , 7 जुलाई , 10 जुलाई , 13 जुलाई और 14 जुलाई को खेलेगी। ये सभी मैच हरारे में होंगे।

**टीम इस प्रकार है :** शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन , जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा।

# बुमराह से बेहतर यॉर्कर गेंदबाजी करते थे : अकरम

एजेंसी

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि आज के समय में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सबसे अच्छी यॉर्कर गेंदबाजी करते हैं। अकरम ने कहा कि पर अगर अब तक के सबसे बेहतरीन यॉर्कर गेंदबाज की बात करें तो उसमें वकार यूनुस पहले नंबर पर हैं। अकरम ने कहा कि इस समय में बुमराह विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं और उनका सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं है। टी-20 विश्वकप में बुमराह ने अपने प्रदर्शन से ये साबित भी किया है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि वहीं वकार जब यॉर्कर करते



थे तो हमेशा ही उन्हें विकेट मिलता था। साथ ही कहा , वकार को दुनिया ने गेंदबाजी करते नहीं देखा है। आज के लोग उन्हें यू-ट्यूब पर देखा है। मैं तो उसके साथ खेला था। वह कमाल का था। बेहद तेज गेंद फेंकता था और उसकी यॉर्कर बेहद खतरनाक होती थी। साथ ही कहा कि आज कल के गेंदबाज काम के बोझ की बात करते है पर हमारे समय ऐसा नहीं था। वकार 8 साल काउंटी क्रिकेट खेला। वहां उसका रनअप 30 मीटर्स का था। उसका एक्शन और गेंदबाजी देखने लायक थी।

# बिंद्रा ने ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिग्गज निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों से कहा है कि वे बेवजह दवाव न लेते हुए खुले दिमाग से खेलें। बिंद्रा ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। बिंद्रा ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक में बिताये समय का पूरा आनंद उठाना चाहिए। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, ह्यमैं ओलंपिक में जाने वाले सभी खिलाड़ियों को अपनी ओर से शुभकामना देना चाहता हूं। उन्होंने टिकट हासिल करने के दौरान इतनी सारी स्पधाओं में लगातार अच्छा खेलकर हमें गौरवान्वित किया है। अब इनके लिए विश्व स्तर पर छा जाने का अवसर है। उन्होंने कहा, ह्यओलंपिक खेलों का सर्वोच्च मंच है इसलिए सभी चाहते हैं कि उसमें देश



के खिलाड़ी पदक जीतें। बिंद्रा ने कहा, ह्यमैं यही कहूंगा कि वर्तमान में रहें, अतीत या भविष्य पर विचार न करते हुए मुकाबलों में उतरें। इस दौरान अपनी मेहनत और क्षमता पर भरोसा रखें क्योंकि असली आत्मविश्वास उसी मेहनत से आता है जो आप इतने समय से कर रहे हैं। वहीं शीर्ष शॉट पुट खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर ने कहा कि टोक्यो में नीरज चोपड़ा को भाला फेंक में मिले स्वर्ण पदक से ट्रैक और फील्ड में भाग ले रहे बाकी खिलाड़ियों का भी पदक जीतने के लिए मनोबल बढ़ा है।

## गुकेश ने कारुआना को ड्रॉ पर रोका

**बुखारेस्ट।** विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में टूर्नामेंट लीडर और शीर्ष वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ ड्रॉ खेला। 4.5 अंकों के साथ कारूआना दो जीत और पांच ड्रॉ के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं, उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं, जो सभी कारूआना से आधे अंक पीछे हैं। नेपोमनियाचची पचास प्रतिशत अंकों के साथ फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जो अमेरिकी वेस्ली सो, अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से आधा अंक आगे हैं।

# प्रशंसकों के साथ रोहित और सूर्यकुमार ने जमकर किया भांगड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** टी20 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का आज यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। कप्तान रोहित शर्मा और टीम के खिलाड़ियों को लेकर जैसे ही विशेष विमान पहुंचा। प्रशंसक नारे लगाने लग गये। जीत की खुशी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सड़कों पर प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान खिलाड़ियों का स्वागत भांगड़े के साथ हुआ। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव भी प्रशंसकों के साथ मस्ती में भांगड़ा करने लगे। सूर्यकुमार के जबरदस्त डांस को देखकर सभी हैरान रह गये।

भारतीय टीम जब हवाई अड्डे पर पहुंची तब हल्की बूंदाबादी हो रही



थी। इसके बाद भी सुबह चार बजे से प्रशंसका वहां जमे हुए थे। ये सभी लोग बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लिए हुए थे। वर्ष 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा, हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवान्वित किया है। भारतीय टीम को लेकर एक विशेष विमान एआईसी 24डब्ल्यूसी एयर इंडिया चैम्पियंस 24 विश्व कप भारतीय समयानुसार सुबह चार बजकर 50 मिनट पर बारबडोस से रवाना हुआ और 16 घंटे बिना रुके यात्रा करने के बाद आज यहां पहुंचा। भारतीय टीम विश्वकप जीतने के बाद से ही बारबाडोस में आये समुद्री तूफान बेरिल के कारण फंस गयी थी क्योंकि हवाई अड्डा बंद होने से उड़ाने रुक गयीं थीं। भारतीय क्रिकेट को इसके कारण होटल में ही रुकना पड़ा। भारतीय टीम, सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कुछ अधिकारियों के अलावा टूर्नामेंट कवर करने गए भारतीय मीडियाकर्मी भी इस विमान से पहुंचे।

# विश्वकप ट्रॉफी के साथ अलग अंदाज में दिखे ऋषभ

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया है। ऋषभ आज विश्वकप ट्रॉफी के साथ उत्साहित दिखे जबकि इससे पहले एक दौर ऐसा भी आया था जब उनकी खेलना ही तय नहीं था। दो दिसंबर 2022 में हुए भयानक कार हादसे के बाद भी जिस प्रकार उन्होंने खेल में वापसी की है। वह अपने आप में एक मिशाल है। इस खिलाड़ी ने तकरीबन 14 महीने खेल से दूर रहने के बाद अपनी मेहनत और जज्बे से किस्मत की बाजी पलट दी। आईपीस और फिर



टी20 विश्वकप में उन्होंने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। उनकी विकेटीपिंग और बल्लेबाजी कमाल की रही। स्वदेश पहुंचने के बाद होटल आईटीसी मौर्या में ऋषभ पंत की एंट्री देखने लायक थी। उनकी एंट्री ने महाभारत के भीम की याद दिला दी। भीम की गदा की तरह ऋषभ पंद भी विश्व कप ट्रॉफी उठाए नजर आए। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे ऋषभ पंत होटल में दाखिल होते हैं और अपने कंधे पर ट्रॉफी लिए हुए हैं। इस दौरान उनके साथ अन्य खिलाड़ी भी नजर आ रहे हैं। ऋषभ की आखों में चमक और चेहरे की मुस्कान बता रही है कि यह पल उनकी जिंदकी के लिए कितना मायने रखता है। ऋषभ पंत का यह पल इसलिए भी खास है, क्योंकि कुछ समय पहले तक यह भी तय नहीं था कि वह कभी क्रिकेट खेल पाएंगे। दरअसल, भारत की जीत में ऋषभ पंत का भी बड़ा योगदान रहा है। अमेरिका की धीमी पिचों पर जब भारतीय बल्लेबाज विफल हो रहे थे, तब वह डटे रहे। उनकी कई छोटी-छोटी और अहम पारियों की बदौलत टीम इंडिया ने अपना विजय अभियान कायम रखा था।

# भारतीय फुटबॉल टीम अक्टूबर में खेलेगी त्रिकोणीय टूर्नामेंट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम अक्टूबर में वियतनाम में त्रिकोणीय राष्ट्र मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट में भाग लेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को उक्त घोषणा की। एआईएफएफ ने कहा कि भारतीय टीम त्रिकोणीय मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट में मेजबान वियतनाम और लेबनान से भिड़ेगी। एआईएफएफ ने कहा, ₹वरिष्ठ भारतीय पुरुष टीम अक्टूबर 2024 फीफा विंडो के दौरान वियतनाम में त्रिकोणीय मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट खेलेगी। भारत और मेजबान वियतनाम के अलावा, इस प्रतियोगिता में तीसरी टीम लेबनान है। वियतनाम



(116) और लेबनान (117) दोनों ही नवीनतम फीफा रैंकिंग में भारत (124) से आगे हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच 9 अक्टूबर को वियतनाम और भारत के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच 12 अक्टूबर को भारत और लेबनान के बीच खेला जाएगा। इस बीच, आखिरी मैच 15 अक्टूबर को वियतनाम और लेबनान के बीच होगा। इससे पहले, फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन में भारत का अभियान विवादास्पद तरीके से समाप्त हुआ जब कतर ने मंगलवार को दोहा के जसीम बिन हमद स्टेडियम में विश्व कप क्वालीफायर दूसरे दौर के ग्रुप ए के मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल की।


# भारतीय पुरुष हॉकी टीम से मिले स्पेशल ओलंपिक भारत के एथलीट

एजेंसी

**बेंगलुरु।** स्पेशल ओलंपिक भारत के कर्नाटक चैप्टर के यूनिफाइड एथलीटों के एक दल ने बुधवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम से मुलाकात की, जो आगामी पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए वर्तमान में बेंगलुरु के साई सेंटर में प्रशिक्षण ले रही है। इस दौरे ने स्पेशल ओलंपिक के एथलीटों को टीम का अभ्यास देखने और अपना उत्साही समर्थन देने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। अभ्यास सत्र के बाद, एक दिल को छू लेने वाला मिलन और अभिवादन सत्र हुआ, जहाँ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने विशेष ओलंपिक भारत के एथलीटों के साथ बातचीत की और उन्हें आगामी टूर्नामेंटों के लिए प्रेरणा और



सलाह दी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने इस बातचीत के दौरान आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹हम आपके समर्थन के लिए आभारी हैं। हालाँकि हमारी एथलेटिक गतिविधियाँ अलग-अलग हैं, लेकिन हम सभी के लिए यात्रा एक जैसी है। मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा, ₹स्पेशल ओलंपिक भारत का हमसे मिलना और हमें प्रेरित करना अद्भुत है। उनकी कहानियाँ और खेल के प्रति उनका प्यार सुनना वाकई प्रेरणादायक है। मुझे उम्मीद है कि जब हम ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे तो हम उन सभी को गौरवान्वित कर पाएँगे। इस यात्रा ने न केवल भारतीय पुरुष हॉकी टीम को प्रेरित किया, बल्कि खेलों के प्रति साझा जुनून और समर्पण को भी उजागर किया और एथलीटों के बीच संबंध को मजबूत किया। मिलन और अभिवादन गतिविधि पर, एसओ भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा, ₹हम हॉकी इंडिया के आभारी हैं कि उन्होंने हमें अपने ओलंपिक सफर का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया और हमारे एथलीटों को आगामी टूर्नामेंट के लिए टीम को अपनी शुभकामनाएँ देने का मौका दिया। हमारे एथलीटों के लिए हॉकी सितारों के साथ समय बिताना और उनकी कहानियों से प्रेरित होना एक यादगार दिन था। एसओ भारत में हम खेलों के माध्यम से समावेशिता के अपने संदेशों को फैलाने में विश्वास करते हैं और हमें विश्वास है कि हॉकी इंडिया जैसे राष्ट्रीय निकायों के साथ इस तरह के और अधिक सहयोग से हमें अपने मिशन को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।



विंबल्डन में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज दूसरे दौर के मैच में उत्साहित नजर आये।




## गोलगप्पे में मिले कैंसर वाले केमिकल रोज खाई जाने वाले 5 चीजें भी बना देंगी कैंसर का मरीज

**पानी पूरी या गोलगप्पा खाना भला किसे पसंद नहीं है। लेकिन आपको जानकर ताज्जुब होगा कि गोलगप्पा कैंसर पैदा करने वाले तत्व पाए गए हैं।**

कैंसर का मरीज बना सकती है पानीपूरी खाने-पीने की चीजों पर नजर रखने वाली देश की सबसे बड़ी संस्था स्स्स्र ने पाया कि राज्य के 260 पानी पूरी के सैंपल में से 22% सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहे। FSSA ने 79 स्थानों पर जांच की, जिनमें से 49 बेंगलुरु में थे। जांच में पाया गया कि 260 सैंपल में से 41 में आर्टिफिशियल कलर और संभावित रूप से कैंसर पैदा करने वाले रसायन पाए गए, जो उन्हें खाने के लिए असुरक्षित बनाते हैं। 18 अन्य सैम्पल भी खराब गुणवत्ता के पाए गए। गोलगप्पे में पाए गए हानिकारक रसायन गोलगप्पे में चटख नीला (ब्रिलियंट ब्लू), सूर्यास्त पीला (सनसेट यलो) और टार्टराज़ीन जैसे कई हानिकारक रसायन पाए गए हैं।

### गंभीर बीमारियों का खतरा

हेल्थ एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि इन पदार्थों का ज्यादा सेवन करने से पेट दर्द, हार्ट डिजीज और इम्यून सिस्टम कमजोर होना जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

### पाचन बिगाड़ सकता है चटख नीला या ब्रिलियंट ब्लू

यह एक आर्टिफिशियल कलर है जिसका इस्तेमाल अक्सर खाने और कॉस्मेटिक उत्पादों में किया जाता है। ज्यादा मात्रा में खाने से त्वचा में एलर्जी, पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

### सूर्यास्त पीला (सनसेट यलो) के खतरे

यह भी एक आर्टिफिशियल कलर है जिससे त्वचा पर लाल चकत्ते और खुजली जैसी एलर्जी हो सकती है। इससे पेट की तकलीफ भी हो सकती है। सरकारी संस्थाएं इसके इस्तेमाल में सावधानी बरतने की सलाह देती हैं।

### टार्टराज़ीन के खतरे

यह पेट्रोलियम उत्पादों से बना एक आर्टिफिशियल कलर है जिसका इस्तेमाल खाने और पीने के पदार्थों को आकर्षक दिखाने के लिए किया जाता है। इससे एलर्जी, दमा और त्वचा पर रैशेज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे भविष्य में कैंसर हो सकता है।

### इन चीजों को खाने से हो सकता है कैंसर

प्रोसेस्ड फूड्स, रेड मीट, फ्राइड फूड्स, शुगरी बेवरेज, शराब, रिफाइंड फूड्स, साल्टेड फूड्स आदि के अधिक सेवन से भी कैंसर हो सकता है क्योंकि इनमें कैंसर वाले तत्व पाए जाते हैं।





स्पार्कलिंग वॉटर को कार्बन डाइऑक्साइड गैस को पानी में प्रेशर के साथ इंजेक्ट करके बनाया जाता है। इससे एक बबली ड्रिंक बनती है, जिसे स्पार्कलिंग वॉटर कहते हैं। कई सारे सेलिब्रिटीज इसे पीना पसंद करते हैं।

## सेलिब्रिटीज को पसंद है स्पार्कलिंग वॉटर इस वजह से हो रहा फेमस

टी-20 वर्ल्ड कप की जीत के साथ विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के फेवरेट स्पार्कलिंग वॉटर की भी खूब चर्चा हो रही है। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में स्पार्कलिंग वॉटर की बात की है। पानी पीना हमारे डेली रूटीन का जरूरी हिस्सा है। हम सभी इसके फायदों से परिचित हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों में स्पार्कलिंग वॉटर का ट्रेंड सेलिब्रिटीज के बीच काफी बढ़ गया है।

अलग- अलग फ्लेवर में आने के कारण लोग इसका स्वाद बेहद पसंद कर रहे हैं। इस तरह का बुलबुले वाला पानी आपने होटल्स में भी जरूर देखा होगा। खासतौर से जो लोग सोडा की लत छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए यह सबसे अच्छा विकल्प है। तो आइए जानते हैं आखिर क्या होता है ये स्पार्कलिंग वॉटर और क्या हैं इसके फायदे, नुकसान।

### क्या होता है स्पार्कलिंग वॉटर

स्पार्कलिंग वॉटर को कार्बोनेटेड वॉटर भी कहा जाता है। आम भाषा में इसे बुलबुले वाला पानी भी कहते हैं। इस पानी में कार्बनडाइ ऑक्साइड मिलाया जाता है। दरअसल, कार्बनडाइ ऑक्साइड गैस को पानी में प्रेशर से इंजेक्ट किया जाता है, जिस कारण पानी में बुलबुले उठने लगते हैं। इसे स्वादिष्ट बनाने के लिए नमक भी मिलाया जाता है। स्पार्कलिंग वॉटर में पोटेशियम बाइकार्बोनेट, सोडियम बाइकार्बोनेट और सोडियम साइट्रेट जैसे मिनरल्स भी मिलाए जाते हैं।

### स्पार्कलिंग वॉटर के फायदे

- यह पानी प्यास बुझाने के लिए आर्टिफिशियल ड्रिंक से ज्यादा बेहतर है।
- अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन के अनुसार, स्पार्कलिंग वॉटर दांतों के लिए अच्छा है।
- नॉन फ्लेवर्ड स्पार्कलिंग वॉटर आपको हाइड्रेट रखने में मदद करता है।
- स्पार्कलिंग वॉटर पीकर आप वजन कम कर सकते हैं।
- अगर आप सोडा का सेवन कम करना चाहते हैं, तो स्पार्कलिंग वॉटर अच्छा विकल्प है।
- इसे पीने के बाद पेट भरा हुआ महसूस होता है।



### स्पार्कलिंग वॉटर पीना सेफ है या नहीं

कई लोग बिना जानकारी के स्पार्कलिंग वॉटर पीना शुरू कर देते हैं, लेकिन वो नहीं जानते कि इसे पीना सेफ है भी या नहीं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि स्पार्कलिंग वॉटर सादा पानी पीने के बराबर है। अगर आप नॉन फ्लेवर्ड स्पार्कलिंग वॉटर पी रहे हैं, तो बता दें कि इसमें शुगर और कैलोरी नहीं होती। ऐसे में इस पानी को पीना पूरी तरह से सेफ है।



### स्पार्कलिंग वॉटर के नुकसान

- इस पानी में एसिड की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे आपके इनेमल को नुकसान पहुंच सकता है।
- किसी भी तरह के फिजी ड्रिंक पीने के बाद सूजन और गैस बन सकती हैं।
- कुछ तरह के स्पार्कलिंग वॉटर में आट्रिफिशियल स्वीटनर का इस्तेमाल किया जाता है, जो सेहत के लिए अच्छे नहीं होते।
- फ्लेवर्ड स्पार्कलिंग वॉटर में सोडियम बहुत होता है, जो लोगों में हाइपरटेंशन का कारण बन सकता है।

### कैसे चुनें सही स्पार्कलिंग वॉटर

मार्केट से स्पार्कलिंग वॉटर खरीदते समय ध्यान रखें कि इसमें चीनी और कैलोरी की मात्रा कम होनी चाहिए। इसके अलावा आप जो स्पार्कलिंग वॉटर खरीद रहे हैं, उसमें हाई फरुक्टोज कॉर्न सिरप, सोडियम, आर्टिफिशियल फ्लेवर, एस्पार्टेम और सुक्रालोज जैसे आर्टिफिशियल स्वीटनर न हों।

### किन लोगों को नहीं पीना चाहिए स्पार्कलिंग वॉटर

जिन लोगों का ब्लड प्रेशर हाई रहता है या जो सूजन के प्रति संवेदनशील हैं, उन्हें स्पार्कलिंग वॉटर नहीं पीना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों को गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इशू हैं, उन्हें कार्बोनेटेड वॉटर का सेवन करने की मनाही होती है।



## हाई कोलेस्ट्रॉल से हैं परेशान तो खाना शुरू कर दीजिए ये 5 सब्जियां

**हेल्दी हार्ट के लिए हेल्दी डाइट लेना जरूरी है। अगर आप चाहते हैं कि भविष्य में आप हार्ट के मरीज न बनें, तो इसके लिए आपको अपना कोलेस्ट्रॉल मेंटेन रखना भी बहुत जरूरी है। जिन लोगों का हाई कोलेस्ट्रॉल है, उन्हें अपनी डाइट में खास ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि ऐसे मरीजों में अटैक का खतरा बढ़ जाता है। बढ़े हुए हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए कुछ सब्जियों का सेवन बहुत लाभकारी हो सकता है।**

ये सब्जियां न केवल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करती हैं, बल्कि हृदय रोग के खतरे को भी कम करती हैं। यहां जानते हैं कुछ ऐसी ही सब्जियों के बारे में, जो आपके हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करेंगी।

### बैंगन



बैंगन में फाइबर और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो बेड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसका सेवन पाचन स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है और यह कब्ज की समस्या में भी राहत देता है।

### ब्रोकली



हार्ट के लिए ब्रोकली एक सुपरफूड है। ब्रोकली में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है, जिससे ब्लॉकेज का खतरा भी कम होता है।

### लहसुन

लहसुन में एलिसिन नामक पावरफुल गुण पाया जाता है, जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल कम करने में मददगार है। इसका सेवन ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल में रखता है।

### पालक

पालक में ल्यूटिन, फाइबर और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद हाई एंटीऑक्सीडेंट आर्टीज में प्लाक जमने से रोकते हैं जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है।

### अन्य सब्जियां

अधिक फाइबर युक्त सब्जियां, जैसे कि गाजर, टमाटर और ककड़ी में भी कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती हैं।






## बरसात के मौसम में भूलकर के भी न खाएं ये चीजें

**बदलते मौसम के साथ हमारा खानपान भी बदल जाता है। जैसा कि मानसून आ गया है और बरसात के इस मौसम में कुछ खाद्य पदार्थों का सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। बरसात के दौरान इंफेक्शन का खतरा अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि इस मौसम में नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फंगल इंफेक्वशन के पनपने का खतरा तेजी से बढ़ जाता है।**

बरसात के मौसम में कुछ चीजें खाने से बचना चाहिए, नहीं तो आप इंफेक्शन के चपेट में आ सकते हैं और पाचन संबंधी कई दिक्कतें भी हो सकती हैं। इसलिए इस मौसम में कुछ सब्जियों, फलों और फूड के सेवन से बचना चाहिए। इसके अलावा कोशिश करें कि मौसम में तो खासतौर पर बहार का कुछ न खाएं। इन सभी बातों का ध्यान रखकर बरसात के मौसम में अपनी सेहत का ख्याल रखा जा सकता है। यहां कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताया गया है, जिसे मानसून में खाने बचना चाहिए।

### फाइड फूड

बरसात के मौसम में नमी अधिक होती है, जिसके फाइड फूड हुए खाने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इस मौसम में वॉक या कई फिजिकल एक्टिविटी भी कम हो जाती है, जिसके कारण पेट में एसिडिटी और गैस की समस्या बढ़ सकती है।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

बरसात के मौसम में हरी पत्तेदार सब्जियों में बैक्टीरिया के पनपने का खतरा बढ़ जाता है। इन सब्जियों को अच्छी तरह से धोकर, पकाने के बाद भी कई बार बैक्टीरिया रह जाते हैं और जिसके कारण पेट का इंफेक्शन हो सकता है।

### दूध और दूध से बने प्रोडक्ट

बरसात के मौसम में दूध से बनी चीजें जल्दी खराब हो जाती हैं। जिसके कारण फूड पॉइजनिंग का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए दूध और दूध से बने उत्पादों से इस मौसम में दूर रहना चाहिए। बरसात के दौरान दही भी खाने से बचें।

### सीफूड

बरसात के मौसम में सी फूड खाने से फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि इस मौसम में समुद्री जीवों में बैक्टीरिया और वायरस के फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।

### कटे हुए फल

बरसात के मौसम में ज्यादा देर के कटे हुए फल बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए। क्योंकि कटे हुए फल में भी बैक्टीरिया पनप सकते हैं और फल जल्दी खराब हो जाते हैं, ऐसे में कटे हुए फल खाने से पेट की समस्याएं हो सकती हैं।



# फिल्म जेएनयू में किया उर्वशी रौतेला ने अविश्वसनीय प्रदर्शन

पेशेवर स्तर पर पिछले कुछ महीने उर्वशी रौतेला के लिए बेहद शानदार रहे हैं। चाहे वह कान्स रेड कार्पेट पर भारत की सबसे लोकप्रिय महिला सुपरस्टार के रूप में उनका स्टैम्पिंग अधिकार हो या कई मौकों पर वैश्विक स्तर पर सेलेना गोमेज, बेला हदीद और हेइडी क्लम जैसे अंतर्राष्ट्रीय आइकन के साथ प्रीमियर हो। काफी समय से उर्वशी रौतेला के कट्टर और वफादार प्रशंसक उनकी फिल्म 'जेएनयू' यानी 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आखिरकार, फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई और जैसी कि उम्मीद थी, फिल्म में उर्वशी के प्रदर्शन को सभी सही कारणों से आलोचनात्मक प्रशंसा और जनता का प्यार और प्रशंसा दोनों मिल रही है। उर्वशी रौतेला जिस भी फ्रेम का हिस्सा रही हैं, उसने सचमुच उसमें कमाल कर दिया है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, उनके अभिनय और हाव-भाव से लेकर उनकी संवाद अदायगी और जिस तरह से उन्होंने इस फिल्म के लिए खुद को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला है, सब कुछ जीत रहा है। दर्शकों का दिल. सोशल मीडिया पर बहुत सारे प्रशंसकों ने इसे किसी फिल्म में उर्वशी रौतेला के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी करार दिया है और उन्होंने इसमें जो कड़ी मेहनत और प्रयास किया है, उसे देखते हुए यह आश्चर्य की बात नहीं है। इस यथार्थवादी फिल्म को देखने के बाद इंटरनेट इस बात से निश्चित रूप से सहमत है कि कोई अन्य अभिनेत्री इस किरदार के साथ उस तरह पूरा न्याय नहीं कर सकती थी, जिस तरह से उर्वशी रौतेला करने में कामयाब रहीं। फिल्म के सबसे महाकाव्य दृश्यों में से एक कक्षा का दृश्य है जहां उर्वशी रौतेला एक बदमाश और साहसी रवैये के साथ कक्षा से बाहर निकलती है। यह सही मायने में 'सीटी मार' सीन है और लोगों ने इसे पसंद किया है। जिस तरह से उसने अपनी जातीयता दिखाई है और एक कॉलेज राजनेता की भूमिका निभाई है वह निश्चित रूप से अपने दर्शकों के साथ जुड़ने में कामयाब रही है और एप्लिकेशन का प्रत्येक भाग अच्छी तरह से योग्य है।

# तैयार है स्टेबिन बेन और नीति मोहन का चाहूं

**दिल को नए प्यार की मधुर अनुभूति से भरने के लिए**

*अनिल बेदाग*

इस मॉनसून में स्टेबिन बेन और नीति मोहन की आवाज में एक स्वप्निल रोमांटिक गीत चाहूं की रिलीज के साथ प्यार का जादू गले लगाओ। प्रतिभाशाली हर्ष करगेती द्वारा रचित, यह प्रेम गीत आपके दिल को नए प्यार की मधुर अनुभूति से भरने के लिए तैयार है। चाहूं सिर्फ एक गीत से कहीं अधिक है; यह एक ऐसा अनुभव है जो आपको अपने साथी के साथ जंगली फूलों के एक क्षेत्र में कूदने जैसा महसूस कराएगा। स्टेबिन और नीति के स्वरों के साथ मिलकर यह खूबसूरत रचना, एक ऐसा राग बनाती है जो गहराई से गूंजेगी। जो कोई भी सुनता है। चाहूं का संगीत वीडियो भी उतना ही मनमोहक है। बर्फ से ढकी चोटियों और साफ नीले आकाश की शानदार पृष्ठभूमि में स्थापित, इसमें आकर्षक सरगुन कौर लूथरा के साथ स्टेबिन बेन भी हैं, जो पूरी तरह से यशराज फिल्म की झलक देते हैं। जैसे ही वे बर्फ के माध्यम से एक-दूसरे का पीछा करते हैं, कैमरा दृश्यों की विशालता को कैद कर लेता है, जो उनके बीच साझा किए जाने वाले असीम प्रेम का प्रतीक है। 'चाहूं' पर नीति और हर्ष के साथ काम करना एक मजेदार अनुभव रहा है। यह हमारा पहला सहयोग है और यह तथ्य कि यह इस सीजन के लिए एकदम सही प्रेम गीत बन गया है, मुझे अत्यधिक खुशी से भर देता है। मैं वास्तव में सभी से आशा करता हूं स्टेबिन बेन कहते हैं, मुझे ट्रैक बहुत पसंद है और मैं इसके लिए कुछ दिलचस्प रीलें बनाता हूं। नीति मोहन कहती हैं,

**इस सुंदर, स्वप्निल ट्रैक पर अपने प्रियजन के साथ इस मॉनसून का जश्न मनाएं जो आपके दिल को खुशी और गर्मी से भर देगा।**



''मैं 'चाहूं' गाने को लेकर बहुत उत्साहित हूं, यह एक खूबसूरत गाना है। इसके अलावा पहली बार स्टेबिन के साथ गाना और उनके और हर्ष (संगीतकार), समय (लेखक) के साथ सहयोग करना एक अद्भुत अनुभव रहा है। यह VYRL ओरिजिनल्स के साथ मेरा पहला गाना है, और मेरा मानना है कि गाने को रीलों पर पहले ही बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल चुकी है, मुझे उम्मीद है कि हर कोई ट्रैक का उतना ही आनंद उठाएगा जितना हमने इसे रिकॉर्ड करते समय लिया था !चाहूं को एक सप्ताह पहले इंस्टाग्राम और रेडियो पर छेड़ा गया था, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा हो गई और वे इस मॉनसून के प्रेम गीत के लिए तैयार हो गए। अब, इंतजार खत्म हो गया है, और ट्रैक आधिकारिक तौर पर सभी प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है। इस सुंदर, स्वप्निल ट्रैक पर अपने प्रियजन के साथ इस मॉनसून का जश्न मनाएं जो आपके दिल को खुशी और गर्मी से भर देगा।

# चुंबकीय व्यक्तित्व से दिलों को पिघलाती अलंकृता सहाय

**परियोजनाओं पर हस्ताक्षर करने के लिए कई चर्चाओं में भी हैं**

अलंकृता सहाय एक ऐसी दिवा हैं जिन्हें वास्तव में किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उनकी निरंतर और अनुशासित जीवनशैली और काम के प्रति दृष्टिकोण के लिए कमाल का है। वह कम उम्र में जबरदस्त सफलता हासिल करने में कामयाब रही हैं।
दिवा वर्तमान में अपनी हालिया फिल्म टिप्सी की सफलता से ताजा हैं। फिल्म देखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अलंकृता के फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने का तरीका पसंद किया। भावनाओं को व्यक्त करने के तरीके से लेकर अभिनय को सही ढंग से करने तक सब कुछ सही था और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, उनके वफादार प्रशंसकों को लगता है कि वह दर्शकों की नब्ज को पूरी तरह से समझती हैं। अपनी फिल्म टिप्पी की सफलता के बाद, अलंकृता कई परियोजनाओं के लिए अलग-अलग सेटों के बीच काम कर रही हैं। इससे पहले, हमने उन्हें एक विशेष ब्रांड शूट के लिए चीन जाते हुए भी देखा था और उनके सोशल मीडिया हैंडल पर प्रत्येक अपडेट की बेहद सराहना की गई थी। सोशल मीडिया अपडेट रीडर्स की बात करें तो फिलहाल यह उनके लेटेस्ट फोटोशूट की एक झलक है जो दिलों पर छुरियां चला रही है। अलंकृता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने नवीनतम फोटोशूट की झलकियां साझा कीं, जहां वह सचमुच अपनी खूबसूरत काली पोशाक में देखने लायक लग रही हैं। इतना ही नहीं, उनकी प्राकृतिक बेदाग सुंदरता के अलावा, जो चीज दर्शकों का ध्यान खींच रही है वह है उनके बालों को स्टाइल करने का तरीका। लुक में निश्चित रूप से रेट्रो ट्विस्ट के साथ उत्तम दर्जे का आधुनिक लिबास है और हम निश्चित रूप से फ्रिंजेस को पसंद करते हैं। यह निश्चित रूप से उसके मनमोहक व्यक्तित्व से मासूमियत को बाहर निकालता है और इस तथ्य को देखते हुए कि वह एक प्राकृतिक सुंदरता है, एक संक्रामक मुस्कान के साथ न्यूनतम मेकअप ही वह सब कुछ है जो उसे सभी के लिए एक सर्वोत्कृष्ट दृश्य आनंद के रूप में सेवा करने के लिए चाहिए था। यदि आप अतीत में इसे देखने से चूक गए हैं तो क्या आप इसे देखना चाहेंगे? अलंकृता सहाय के पास कई परियोजनाएं हैं और वह अन्य परियोजनाओं पर हस्ताक्षर करने के लिए कई चर्चाओं के बीच में भी हैं।





# फवाद खान और वाणी कपूर एक रोमांटिक कॉमेडी में धमाल मचाने के लिए तैयार






दक्षिण एशियाई हार्टथ्रोब फवाद खान और खूबसूरत भारतीय अभिनेता वाणी कपूर एक रोमांटिक-कॉम के लिए जोड़ी बना रहे हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट एक हिंदी भाषा की फिल्म है जिसकी पूरी शूटिंग यूके में की जाएगी। फिल्म का निर्देशन आरती बागड़ी कर रही हैं। दुनिया भर में दक्षिण एशियाई लोगों के बीच अपनी लोकप्रियता को देखते हुए फवाद खान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी लोकप्रियता है। वह मार्वल सिनेमाई ब्रह्मांड का भी हिस्सा रहे हैं। इस परियोजना का विवरण गुप्त रखा जा रहा है और हर कोई इसके बारे में चुप्पी साधे हुए है। निर्माता यूके में फिल्मांकन कार्यक्रम शुरू होने से ठीक पहले इस परियोजना की घोषणा करेंगे, एक व्यापार स्त्रोत ने बताया। यह अभी तक बिना शीर्षक वाली फिल्म ईस्टवुड स्टूडियो का पहला अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है। ईस्टवुड स्टूडियो विवेक बी अग्रवाल (पूर्व-रिलायंस/फैंटम) और देवांग ढोलकिया द्वारा शुरू की गई एक फिल्म कंपनी है। विवेक ने पहले क्वीन, उड़ता पंजाब, सुपर 30 और नेटफ्लिक्स की भारत में पहली श्रृंखला सेक्रेड गेम्स जैसी प्रशंसित और प्रतिष्ठित फिल्मों का निर्माण किया है, जो मंच पर एक वैश्विक ब्लॉकबस्टर बन गई। यह रॉम-कॉम कहानी बताती है कि कैसे दो टूटे हुए लोग किस्मत के झटके से एक साथ आते हैं और अनजाने में एक-दूसरे की मदद करते हैं.. प्यार में पड़ना उनके इलेक्ट्रिक कनेक्शन का एक परिणाम है। वाणी कपूर बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं और वह इस प्रोजेक्ट के लिए बिल्कुल सही विकल्प थीं, यह देखते हुए कि उन्होंने खुद को ओवर-एक्सपोज होने से कैसे बचाया है। सूत्र ने बताया, 'निमार्ता वसनीय रूप से ताजा कास्टिंग चाहते थे, जहां फवाद को एक खूबसूरत भारतीय लड़की से प्यार हो जाता है और वाणी उसमें फिट बैठती है। यह परियोजना इस साल सितंबर में शुरू होने वाली है और नवंबर तक पूरी हो जाएगी।

## शोथीम प्रोडक्शन ने कियों फैशन रनवे ऑफ इंडिया के पहले सीजन का आयोजन

फैशन रनवे ऑफ इंडिया 2024 का आयोजन फॉर्च्यून पार्क जेपी सेलेस्टियल होटल, आईटीसी ग्रुप, बेंगलुरु कर्नाटक में किया गया। रनवे के क्यूरेटर संजीव कुमार शोथीम प्रोडक्शन थे जबकि सहयोगी पार्टनर ब्लैक पर्ल क्लोथिंग ब्रांड और भारत रेट्रो म्यूजिकल ग्रुप, बेंगलुरु थे। ब्लैक पर्ल के संस्थापक निदेशक और रनवे के सहयोगी पार्टनर मितेश उपाध्याय ने कहा कि सभी डिजाइनरों ने शो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।रनवे आयोजक संजीव कुमार ने कहा कि पहले सीजन में लगभग 14 डिजाइनरों ने अपने ब्रांड का प्रदर्शन किया है और लगभग 45 महिला मॉडल और 20 पुरुष मॉडल क्रमशः विभिन्न ब्रांडों के डिजाइनर कपड़े पहनकर रैंप पर चले हैं। यह उभरते डिजाइनरों और ब्रांडेड डिजाइनरों का एक संयोजन है।कुछ जाने माने डिजाइनरों में राज शर्मा राज कलेक्शन, ब्लैक पर्ल रन की ऑफिशियल डिजाइनर आरोही ढोले, फॉरएवर नवीन कुमार, गीता रामचंद्र द्वारा गीथस ग्रेविटी डिजाइनर स्टूडियो, अफरोज डिजाइनर, जय प्रकाश रेड्डी (भारतीय डिजाइन संस्थान, बेंगलुरु), किंग शुक बधुरिया, एनिमल ब्रांड और अन्य शामिल थे। रनवे का ग्रैंड फिनाले समापन ब्लैक पर्ल क्लोथिंग ब्रांड द्वारा किया गया, जिसमें शो स्टॉपर के रूप में बॉलीवुड हस्तियां शामिल थीं- आशित चटर्जी अभिनेता, प्रेरणा भट्ट अभिनेत्री और मॉडल और शिल्पी चुघ अभिनेत्री और मॉडल। शो के निर्देशक और कोरियोग्राफर मैलोन फैशन वर्ल्ड से मैलोन थे, रनवे के म्यूज़िक डायरेक्टर मनमीत पॉल थे जबकि रनवे की मेजबानी और एंकरिंग प्रमोद कुमार ने की थी। रनवे का प्रबंधन शोथीम प्रोडक्शंस के निर्देशक भरत जी और सिया ने किया बैकस्टेज को उत्कर्ष और उनकी टीम ने मैनेज किया। ब्यूटी मेकअप पार्टनर लैक्मे अकादमी बेंगलुरु थे। राघव कपूर गेस्ट सेलिब्रिटी सिंगर थे जबकि भार्गव अभिनेता और स्वाति अभिनेत्री सैंडलवुड से, आशित चटर्जी अभिनेता, प्रेरणा भट्ट अभिनेत्री और मॉडल, शिल्पी चुग अभिनेत्री और फिटनेस ट्रेनर और इन्फ्लुएंसर रनवे के सेलिब्रिटी मेहमान और शो स्टॉपर थे।

## फि ल्म एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी गोधरा पैन इंडिया फि ल्म 19 को होगी रिलीज




**हिन्दी के साथ ही फि ल्म तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी।**

रणवीर शौरी स्टारर एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा के मेकर्स द्वारा फि ल्म के रिलीज को लेकर एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई हैं फि ल्म हिन्दी के साथ ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और इंग्लिश में 19 जुलाई को सिनेमागृहों रिलीज होगी। गुजरात के गोधरा में 22 साल पहले साबरमती ट्रेन दुर्घटना क्या एक हादसा थी या फिर एक सोची समझी साजिश इसकी सच्चाई इस फि ल्म के माध्यम से बड़े पर पर देख पायेंगे ।
1 मिनट 32 सेकंड के ट्रेलर की शुरूआत जलती ट्रेन के भीतर मौत का सामना कर रहे लोगों की चीख पुकार से होती है। जिसके बारे में सोचकर भी रूह कांप जाए। रणवीर शौरी लॉयर की भूमिका में दिख रहे है और इस घटना पर चल रही सुनवाई में वो कहते है 'साबरमती ट्रेन को जलाया नहीं गया, बल्कि उसे जलने दिया गया। ये प्रशासन कहानी बना रहा है अपनी गैर जिम्मेदारियों को कवर करने के लिए सर।' इसी कड़ी में बाहर एक महिला मीडिया को इंटरव्यू में सवाल खड़ी करती है हजारों लोगों का मर्डर , गैंगरेप यह साजिश नहीं तो और क्या है।
ओम त्रिनेत्र फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म गोधरा का निर्देशन एमके शिवाक्ष ने किया है। बीजे पुरोहित निर्मित फिल्म में रणवीर शौरी के अलावा अक्षिता नामदेव, मनोज जोशी, हितु कनौडिया, गुलशन पांडेय और देनिशा घुमरा हैं। फिल्म सिनेमाघरों में 19 जुलाई को रिलीज हो रही है।
प्रोड्यूसर बी.जे. पुरोहित बताते हैं , श्फि ल्म के हमने फि ल्म डिस्ट्रिब्यूटर्स के लिए शोज रखा था डिस्ट्रिब्यूटर्स ने फि ल्म को अन्य भाषाओं में एक साथ रिलीज करने के लिए फीडबैक दिया । इसलिए अब फि ल्म एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा पूरे देश में एक साथ 19 जुलाई को रिलीज होगी ।
निर्देशक एम.के. शिवाक्ष का कहना है, फि ल्म की प्राइवेट स्क्रीनिंग में दर्शक रो पड़े । हम सब को लग रहा हैं यह फि ल्म की सबसे बड़ी सफलता और अवार्ड हैं गोधरा में साबरमती ट्रेन के हुई 59 निर्दोष कार सेवकों की हत्या पर सिर्फ राजनीति की गई हैं । जनता इस फि ल्म के माध्यम से सच्चाई से देखेगी ।
फि ल्म एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा एक ऐसी फिल्म है जो भयावह ट्रेन हमले की गहराई से जांच करती है, यह फिल्म दर्शकों को उस दुखद अतीत पर सोचने के लिए मजबूर करती हैं जिन्हें आज तक न्याय नहीं मिला इस फिल्म का टीजर आते ही मीडिया में चर्चा शुरू हो गई थी। सेंसर को लेकर कई प्रकार की बाधाओं की वजह से भी फिल्म सुर्खियों में रही है। सेंसर बोर्ड ने कई स्टेज पर परीक्षण करने के लिए निमार्ताओं को लंबा इंतजार करना पड़ा । फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है और 19 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। हिन्दी के साथ ही फि ल्म तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी।

# यूनीटेक को 3 भूमि के पार्सल ले आउट की मंजूरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने यूनिटेक परियोजना के तीन भूमि पार्सल के लेआउट को मंजूरी दे दी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक साल पुराने आदेश को संशोधित किया। जिसमें उसने नोएडा प्राधिकरण को निर्देश दिया था कि वह यूनिटेक को आवंटित पूरी जमीन पर संशोधित लेआउट योजनाओं को मंजूरी बिना बकाया वसूली के दे। यूनिटेक पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए का बकाया है।

नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

26 अप्रैल को अपने नए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण को बकाया राशि पर जोर न देने के अलावा यूनिटेक को दी गई कुल भूमि को दो खंडों में विभाजित किया। एक जहां घर खरीदारों को फ्लैट और प्लॉट आवंटित किए गए हैं। दूसरा जहां परियोजनाएं अभी बाकी हैं लॉन्च होनी है। प्राधिकरण को पहले खंड के लेआउट को मंजूरी देने का निर्देश दिया गया था। जहां परियोजनाएं 31 मई तक लॉन्च की गई थीं।

प्राधिकरण के आंकड़ों के मुताबिक, यूनिटेक के पास तीन खंडों में 443 एकड़ जमीन है। 246 एकड़ पर परियोजनाओं के लिए लेआउट की मंजूरी दी गई है। जबकि दूसरे खंड में 197 एकड़ जमीन खाली है। सेक्टर 96,97 और 98 में, यूनिटेक ने तीन परियोजनाएं शुरू की थीं इसमें एम्बर, बरगंडी, और विलो 1 और 2 शामिल है। इन परियोजनाओं में 638 घर खरीदार हैं, जिनमें से 178 ने रिफंड मांगा था। नोएडा प्राधिकरण ने 164 एकड़ भूमि पर 818 इकाइयों को मंजूरी दे दी है, जबकि दूसरे खंड में 180 एकड़ जमीन खाली है।

सेक्टर-113 में डेवलपर ने यूनिहोम्स 3 लॉन्च किया, जिसके 1,621 घर खरीदार हैं। इनमें से 941 ने रिफंड मांगा है। नोएडा प्राधिकरण ने 26.5 एकड़ में 1,751 इकाइयों को मंजूरी दे दी है। जिसमें लगभग 9 एकड़ जमीन खाली पड़ी है। सेक्टर 117 में, डेवलपर ने एक्सक्विसाइट, द रेजिडेंस, यूनीहोम्स 1 और 2, यूनीवर्ल्ड और गार्डन लॉन्च किए, जिसमें 3,327 घर खरीदार शामिल थे, जिनमें से 1,036 ने रिफंड मांगा है। प्राधिकरण ने 56 एकड़ में 3,728 इकाइयों को मंजूरी दी है, जबकि दूसरे खंड में 8.7 एकड़ जमीन खाली छोड़ी गई है।

# बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगी मोटो जीपी रेस

## प्रमुख सचिव ने डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल ने किये समझौते पर हस्ताक्षर

**लखनऊ/नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए 'इन्वेस्ट यूपी' की ओर से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह तथा डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. की ओर से कार्मेलो एपेलेटा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।



इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी लाने से न केवल हमारे राज्य को वैश्विक खेल मंच पर उभारा जाएगा, बल्कि पर्यटन, आतिथ्य और संबंधित क्षेत्रों में पर्याप्त आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे मोटोजीपी आयोजन की निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति भी बनाई है। इस समिति की अध्यक्षता मुख्य सचिव तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह करेंगे और इसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सीईओ सदस्य होंगे। गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी और डोरना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी भी इस समिति के सदस्य होंगे।

उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति को सहयोग देने के लिए एक आयोजन समिति भी बनाई जाएगी। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ डोरना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी और राज्य के कुछ जाने-माने निवेशक भी इसके सदस्य होंगे।

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में प्रतिष्ठित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में रोमांचक मोटो जीपी मोटरसाइकिल दौड़ का आयोजन किया जाएगा, जो विश्व स्तरीय मोटर स्पोर्ट आयोजित करने के लिए प्रसिद्ध है। डोर्ना के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, उत्तर प्रदेश का लक्ष्य प्रत्येक मोटो जीपी कार्यक्रम को निर्बाध रूप से क्रियान्वित करना है, जिससे वैश्विक खेल केंद्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा मजबूत होगी।

# उड़ीसा के गांजे की नोएडा, दिल्ली में सप्लाई, तीन गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थों के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 60 किलो गांजा बरामद हुआ है।

## तस्करों से 60 किलो गांजा बरामद

पकड़े गए तस्कर उड़ीसा से गांजा लाकर उसे नोएडा, दिल्ली, एनसीआर में सप्लाई करते थे।

थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। छपरौली गोल चक्कर से पुश्ता की तरफ जाने वाले रास्ते पर तीन लोग संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। इन लोगों के पास 6 बैग थे। पुलिसकर्मियों को देखकर तीनों सकपका गए। संदेह के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। पुलिस ने जब बैग की तलाशी ली तो उसमें से गांजा बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम पंकज नेगी पुत्र स्वर्गीय सोहन सिंह, विशाल सिंह पुत्र स्वर्गीय परमानंद सिंह बताया।

पकड़े गए तीनों आरोपी हाल में गाजियाबाद में रह रहे हैं। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह उड़ीसा से गांजा लेकर आते हैं। पुलिस से बचने के लिए वह बसों के जरिए गांजे की तस्करी करते हैं। इस गांजे को वह नोएडा, दिल्ली एनसीआर में सप्लाई कर आर्थिक लाभ कमाते हैं। तीन आरोपियों के खिलाफ खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों पर पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं।

# पर्यावरण की रक्षा सबका दायित्व : मनोज गुप्ता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर



भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा देश भर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत भाजपा नेताओं द्वारा जगह-जगह पौधारोपण किया जा रहा है।

भाजपा कार्यालय सेक्टर-116 के सामने पार्क में जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पेड़ लगाए। भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है। प्रधानमंत्री के इस आहवान पर भाजपाई देश भर में करोड़ों पौधे लगाएंगे। जिससे प्रकृति का संतुलन ठीक होगा।

इस मौके पर जिला महामंत्री उमेश त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष शर्मा तथा कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा मौजूद रहे।

# सेक्टर-51 के गेट के पास बनाए गए चेंबर में गाड़ी गिरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण जल विभाग के अधिकारीयो



की गलती के चलते निवासियों को जान और माल का नुकसान हो रहा है। नोएडा प्राधिकरण जल विभाग द्वारा गेट नंबर 9, D-73, सेक्टर 51 नोएडा के पास वाल्व के लिए यह चैंबर बनवाया गया था और इसको चेंबर को RWA के लगातार अनुरोध के बाद भी ढककर नहीं रखा गया। आए दिन इस चेंबर में साइकिल, मोटरसाइकिल इत्यादि गिरने की शिकायतें मिलती रहती हैं। कल इस चेंबर में फंसकर एक आवंटी की कार गिर गई। जिसके कारण आगे का मडगार्ड, बंपर और गाड़ी को और बहुत जगह नुकसान हुआ। उन्होंने प्राधिकरण से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

नोएडा प्राधिकरण जल विभाग को इस नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। जल विभाग से अनुरोध है कृपया तुरंत प्रभाव से इस चैंबर को कवर किया जाए और इसके आसपास जो गड्ढा है उसे भी बंद किया जाए।

# एयरपोर्ट के पास आशियाना बनाने का सुनहरा मौका

## यीडा ने लांच की 361 आवासीय प्लॉटों की स्कीम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना विकास प्राधिकरण से जुड़ी इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यमुना प्राधिकरण ने अपनी नई आवासीय प्लॉट की स्कीम लॉन्च कर दी है। अभी 361 प्लॉट की स्कीम लॉन्च की गई। खास बात यह है कि इसमें किसानों को साढ़े 17 परसेंट आरक्षण दिया गया है। यानी कि कुल 361 में से 63 प्लॉट किसानों के होंगे। शुक्रवार को यह स्कीम लॉन्च की गई। इस मामले की पूरी जानकारी यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने दी है।



उन्होंने बताया कि यमुना सिटी के सेक्टर 16, 18, 20 और 22डी में अभी 361 प्लॉट की स्कीम लॉन्च की गई। इसमें 120 वर्ग मीटर के 84 प्लॉट, 162 वर्ग मीटर के 77 प्लॉट, 200 वर्ग मीटर के 3 प्लॉट, 300 वर्ग मीटर के 131 प्लॉट, 500 वर्ग मीटर के 40 प्लॉट, 1000 वर्ग मीटर के 18 प्लॉट और 4000 वर्ग मीटर के 8 प्लॉट हैं। यह सभी फिल्म सिटी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास है।

सीईओ ने बताया कि 5 जुलाई से स्कीम ओपन हुई है और 5 अगस्त तक स्कीम चालू रहेगी। उसके बाद 20 सितंबर 2024 को ड्रा होगा। जिसका नाम ड्रॉ के माध्यम से पर्ची में निकलेगा, उसके नाम पर प्लॉट का आवंटन किया जाएगा। आवंटियों को हर प्रकार की मूलभूत सुविधाएं यमुना विकास प्राधिकरण के द्वारा मिलेगी।

# जिला पंचायत राज अधिकारी का स्वागत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला पंचायत राज अधिकारी गौतमबुद्धनगर का आलोक सिन्हा द्वारा पदभार ग्रहण करने पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मंडल जिला पंचायत राज अधिकारी से विकास भवन उनके कार्यालय में जाकर मिला।



कर्मचारी नेता रविन्द्र सिंह जिला अध्यक्ष व भूरा सिंह बेनीवाल पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा अधिकारी का फूलमाला व गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस दौरान संजय राठी, रोहतास कुमार, उमेश खारी, जगदीश कुमार, रमेश कुमार, मेरठ मंडल अध्यक्ष पाल, सत्येंद्र कुमार, प्रवीण कुमार आदि अन्य कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

# घर की अलमारी से नगदी व जेवरात चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के करण एनक्लेव चिपियाना बुजुर्ग में चोरों ने एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर की अलमारी से 15 हजार रुपए, कान की बाली व दो मोबाइल फोन आदि चोरी कर ले गए।

करण एनक्लेव चिपियाना बुजुर्ग निवासी सुरेंद्र तोमर ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 21 जून की रात्रि को उनके घर में छत के रास्ते से चोर घुस गए। चोरों ने उनके घर की अलमारी से 15 हजार रुपए, कान की बाली, मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरों ने पड़ोस में रहने वाले महेश प्रसाद का भी मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# स्कूल बसों की चेकिंग, 18 बसों के काटे चालान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर के परिवहन विभाग द्वारा स्कूलों में चल रही बसों का विशेष अभियान बड़े स्तर पर शुरू किया



गया। चेकिंग के दौरान परिवहन ने 18 स्कूल बसों के चालान भी काटे।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डा. उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि विशेष चैकिंग अभियान में सुबह से प्रवर्तन दलों द्वारा सेक्टर-62,परी चौक,नॉलेज पार्क, सूरजपुर, सेक्टर-135 में चेकिंग की गई। कुल 87 बसें चेक की गयी तथा एमवी act के उल्लंघन पर18 स्कूल बसों के चालान किए गए। इसके साथ ही टेंपो और ई-रिक्शा में कई चालक बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के, बिना सीट बेल्ट प्रयोग के वाहन संचालित करते पाये गये।

सहायक संभागीय परिवह अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि ऑटो और ई-रिक्शा विद्यार्थियों के आवागमन के लिए सुरक्षित नहीं हैं। सुरक्षा के लिए ग्रिल न होने, बंद बाडी न होने से इनमे स्कूल के बच्चों को ले जाना जोखिम भरा है, साथ ही क्षमता से



अधिक बच्चों को ढोना दुर्घटना की सम्भावनाओं को कई गुना बढ़ाता है। डॉ पाण्डेय ने बसों के अंदर जाकर विद्यार्थियों से भी बातचीत कर उन्हें बताया कि यदि चालक वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करे, overspeeding करें, अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करे तो उसकी सूचना विद्यालय और माता- पिता को अवश्य दें।

वहीं बच्चे बस से बाहर अपने शरीर का कोई-अंग हांथ, सर ना निकलें, चढ़ते उतरते समय पूरी सावधान रखें। चलती बस में चढ़ना उतरना खतरनाक है। पैदल सड़क पार करते समय पहले रुकें, देखें और सुरक्षित होने पर ही सुरक्षित स्थान, जेब्रा क्रॉसिंग से सड़क पार करें।

अभियान में एआरटीओ अभिषेक कन्नौजिया एआरटीओ विपिन चौधरी और यात्री कर अधिकारी राजेश मोहन द्वारा भी प्रवर्तन की कार्यवाही की गई।

